# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025






Chhattisgarh's Most Favourite Jeweller

SUMEET JEWELLERS

MAIN ROAD, KORBA

हम गढ़ते हैं विश्वास

RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON

follow us on


जीवेत शरदः शतम्
15 अक्टूबर
प्रदेश को प्रगतिशील बनाने वाले, छत्तीसगढ़ के गौरव,
जनसेवा के पर्याय हमारे यशस्वी
मान. डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं
मान. तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार को
जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
विनीत : प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹90721/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹110800/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹120949/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025


**एकता परेड-2025 में छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन**



राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) के अवसर पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाली एकता परेड-2025 में छत्तीसगढ़ राज्य की झांकी का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के जनसम्पर्क विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

# सुशासन संवाद में सीएम अफसरों से बोले- फील्ड पर जाएं, गहराई का अंदाजा पानी में उतरने से ही होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

सुशासन संवाद को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गांवों में जाकर योजनाओं की स्थिति को जानने पर जोर दिया। उन्होंने कलेक्टर और अधिकारियों से कहा, फील्ड में जाकर नियमित निरीक्षण करने से ही योजनाओं के क्रियान्वयन की सही स्थिति का पता लगता है। उन्होंने कहा, केवल आकस्मिक निरीक्षण से प्रशासन नहीं सुधरता। जैसे पानी की गहराई का अंदाजा पानी में उतरे बिना नहीं होता, वैसे ही योजनाओं की सच्चाई फील्ड में जाकर ही पता चलती है।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों की सुविधा बढ़ाने और शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को सहयोग देने की अपील करते हुए अफसरों को नवाचार कर दीर्घकालीन कार्यक्रम तैयार करने का सुझाव दिया। राज्य सरकार ऐसे नवाचारों का स्वागत करती है, पर ▶▶| शेष पेज 6 पर

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'सुशासन संवाद' में कई जिलों के नवाचारों का सराहा गया



### कार्यालयों को करें व्यवस्थित

सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा आरंभ किए गए 'पुराने दस्तावेज हटाओ' अभियान की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, कार्यालयों में वर्षों पुराने अनुपयोगी फाइलें न केवल जगह घेरती हैं। बल्कि नागरिकों में गलत छवि भी बनाती हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कलेक्टर अपने कार्यालयों को व्यवस्थित करें ताकि पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ सके।

### ई-ऑफिस समय सीमा में लागू हो

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम ई-ऑफिस प्रणाली है। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा में इसे पूरी तरह लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैनुअल प्रक्रिया पर निर्भरता घटाना आवश्यक है और सभी लंबित फाइलों को डिजिटल माध्यम में लाना होगा ताकि पारदर्शिता और ▶▶| शेष पेज 6 पर

भूपति, सोनू, वेणु जैसे नामों से जाने वाले इस नक्सली नेता ने 60 साथियों के साथ गढ़चिरौली में किया समर्पण

# उखड़ रहीं नक्सलवाद की जड़ें, भूपति ने भी किया सरेंडर

शीर्ष नक्सल लीडर और पोलित ब्यूरो सदस्य 67 वर्षीय मलोजुला वेणुगोपाल उर्फ सोनू ने 60 कैडरों और 50 हथियारों के साथ पुलिस के सामने महाराष्ट्र में आत्मसमर्पण कर दिया है। दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति के प्रमुख और पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य डेढ़ करोड़ के ईनामी वेणुगोपाल हाल ही में सशस्त्र संघर्ष को अस्थायी रूप से त्यागने की अपील करते हुए सीपीआई माओवादी संगठन से इस्तीफा देने के दौरान चर्चा में आया था। सोनू के सीजफायर के एलान के बाद से ही नक्सल सगंठन में दो फाड़ हो गया था।

## सशस्त्र संघर्ष रोकने की अपील करने वाले डेढ़ करोड़ के ईनामी बड़े नक्सली नेता ने डाला हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तेलंगाना के करीमनगर जिले के पेद्दापल्ली में जन्मे वेणुगोपाल एक गरीब परिवार के थे, जो आसपास के मंदिरों में पुरोहिती कर जीविका चलाता था। उनके दादा और पिता मल्लुजोला वेंकटैयान दोनों ही भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वेणुगोपाल माओवादी नेता किशनजी के छोटे भाई हैं।

वेणुगोपाल कभी पीपुल्स वार ग्रुप के प्रभावशाली नेता रहे भूपति, सोनू, मास्टर और अभय जैसे कई नामों से जाने जाते हैं। उन्होंने लंबे समय तक दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति का नेतृत्व किया। जिसमें महाराष्ट्र का गढ़चिरोली क्षेत्र भी शामिल है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें दक्षिण भारत में ▶▶| शेष पेज 6 पर

## शीर्ष माओवादी भूपति के समर्पण से नक्सल संगठन में भूचाल

### नक्सल संगठन की रीढ़ माना जाता है सोनू

करीब डेढ़ करोड़ के ईनामी इस नक्सली ने सोमवार को अपनी 60 सदस्यीय टीम के साथ गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सभी ने मिलकर 50 से अधिक आधुनिक हथियार और गोला-बारूद पुलिस को सौंपे। सगंठन की रीढ़ माने जाने वाले इस सरेंडर के साथ ही भूपति की पूरी इकाई धराशायी हो गई है, जबकि अब संगठन में ▶▶| शेष पेज 6 पर



### पत्नी के समर्पण के बाद सोनू पर संगठन का बढ़ा था दबाव

जानकारी के मुताबिक भूपति की पत्नी तारक्का ने भी कुछ समय पूर्व गढ़चिरौली में आत्मसमर्पण किया था। बताया जा रहा है कि पत्नी के समर्पण के बाद उनकी भी सोच बदली और उन्होंने अपने साथियों के साथ हथियार डाल दिया। हालांकि पत्नी के समर्पण के बाद सोनू दादा पर भी संगठन का दबाव बढ़ा था। चर्चा यह भी है कि उसने पिछले कुछ महीने पुलिस के जरिए सरकार तक आत्मसमर्पण का संदेश भिजवाया था। अंततः उसने अपने साथियों के साथ हथियार डालने का निर्णय लिया। उनकी पत्नी तारक्का ने 31 दिसंबर 2024 को ▶▶| शेष पेज 6 पर

### नक्सलवाद के विरुद्ध लगातार सफलता



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे सुरक्षा बल नक्सलवाद के विरुद्ध लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री का संकल्प अवश्य पूर्ण होगा और 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण अंत होगा।

# मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम जाएंगे नितिन नवीन के नामांकन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेश के कई नेताओं को बिहार चुनाव में विधानसभाओं की कमान

बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन का दौर चल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के साथ प्रदेश के कई मंत्री और भाजपा के कई नेता भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के नामांकन में जाएंगे। नितिन नवीन को भाजपा ने एक बार फिर से पटना के बांकीपुर से अपना प्रत्याशी बनाया है। वे अपना नामांकन 16 अक्टूबर को भरेंगे। नामांकन रैली में छत्तीसगढ़ के भी कई नेता शामिल होंगे। प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन बिहार पहुंच चुके हैं। उनको तरैया विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को वहां पर 50 से ज्यादा विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे वहीं पर हैं। इसी के साथ राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय भी बिहार में हैं। बिहार के चुनाव में प्रदेश के मंत्रियों, विधायक, सांसदों से लेकर भाजपा के कई नेता प्रचार करने जाएंगे। प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन 14 अक्टूबर को पहुंच गए हैं। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया उनको ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कई नेता जाएंगे नितिन के नामांकन में

बिहार के पूर्व मंत्री नितिन नवीन छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी हैं। उनका यहां पर सभी से करीबी रिश्ता है। ऐसे में उनके नामांकन में भाजपा के कई नेता बिहार जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का जाना तो तय है। इसी के साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित और कई नेता, प्रदेश के कुछ मंत्रियों, सांसद और विधायकों के भी जाने की संभावना है। सब अलग-अलग अपने साधनों से जाएंगे।

### दो विधानसभाओं की जिम्मेदारी बृजमोहन को

सांसद बृजमोहन अग्रवाल को बिहार विधानसभा चुनाव में वैशाली जिले की हाजीपुर और लालगंज विधानसभा क्षेत्रों की चुनावी कमान सौंपी गई है। इन दोनों सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होना निर्धारित है। श्री अग्रवाल बुधवार से हाजीपुर और लालगंज में संगठनात्मक एवं प्रचार गतिविधियां प्रारंभ करेंगे। वे बुधवार को रायपुर से बिहार के लिए रवाना होंगे।



## चिंतन

# आम आदमी के पहुंच से बाहर जा रही पीली धातु

दुनियाभर की महिलाओं को सोना बहुत प्रिय है। भारतीय महिलाओं के लिए तो सोना एक धातु मात्र न होकर धन, प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है। हालांकि नए चलन ने इसके विकल्प पेश किए हैं, फिर भी सोने का आकर्षण बरकरार है। सोना आकर्षण एक समृद्ध विरासत, निवेश मूल्य कआैर पीढ़ियों से दिलों को छूने वाली भावनाओं में गहराई से निहित है। सोने के आभूषण केवल सजावट से कहीं आगे जाते हैं। ये रीति-रिवाजों और मूल्यों का जीवंत प्रमाण हैं, जिन्होंने महिलाओं की पीढ़ियों को परिष्कृत किया है। सोने में चमकती हुई सतह के परे, सांस्कृतिक विरासतों से गहरा जुड़ाव, अतीत और वर्तमान के बीच एक ठोस कड़ी छिपी होती है। हर चमक और हर नाज़ुक विवरण में, सोने के आभूषण महिला की यात्रा का सार समेटे हुए होते हैं। सोने के आभूषण उपहार में देने और प्राप्त करने के पीछे एक भावनात्मक लगाव दिखाई देता है, जो स्थायी यादें और जुड़ाव बनाता है। यह भावनात्मक निवेश का भी प्रतीकात्मक पैमाना बन जाता है जहां प्रेम, उत्सव और महत्व की कहानियों का सार प्रत्येक आभूषण में अंकित होता है। प्रत्येक आभूषण प्रेम, उत्सव और गहन महत्व से भरी कहानियों का भार ढोने वाला बन जाता है, लेकिन अब सोना आम महिलाओं की पहुंच से दूर जा रहा है। सोने के दाम लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं। 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के मौके पर सोने की कीमत सवा लाख के पार पहुंच गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,997 रुपये बढ़कर 1,26,152 रुपये हो गए हैं। इससे पहले सोमवार को ये 1,24,155 पर था। वहीं, चांदी की कीमत 2,775 बढ़कर 1,78,100 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। सोमवार को ये 1,75,325 रुपये पर थी। ऐसा माना जा रहा है कि देश में फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। केवल इसी साल पर ही नजर दौड़ाए तो सोने के दाम 49,990 रुपये बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,26,152 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 92,083 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो अब 1,78,100 रुपये प्रति किलो हो गई है। माना जाता है कि दिवाली-धनतेरस पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसीलिए माना जा रहा है कि अगले कुछ दिन सोने के दाम में छलांग लगाने वाले हैं। अब तक आई तेजी के पीछे का कारण यही है कि मिडिल ईस्ट में उथल-पुथल और ट्रेड वॉर की चिंताओं के कारण निवेशक सोना खरीद रहे हैं। अमेरिका की नीतियों को लेकर अनिश्चितता है। निवेशकों को लग रहा है कि ऐसे समय में शेयर बाजार में निवेश परेशानी का कारण बन सकता है। इसीलिए वे सुरक्षित निवेश कहे जाने वाले सोने पर पैसा लगा रहे हैं। उत्पादन कम और खरीदार ज्यादा होने के कारण ही सोने के दाम लगातार नई इबारत लिख रहे हैं। रही सही कसर दुनियाभर के बैंकों ने पूरी कर दी है। बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। ये भी एक कारण है कि केवल इसी साल में ही सोने के दाम 60 प्रतिशत के आसपास तक बढ़ चुके हैं। कारण जो भी हो, सच यही है कि सोना आम आदमी के पहुंच से बहुत दूर जा चुका है। अगर हालात यही रहे तो महिलाओं में भी इस पीली धातु के प्रति आकर्षण कम होना तय है।

# सादगी, समर्पण और संघर्ष का त्रिवेणी संगम हैं डॉ. रमन सिंह



विशेष
अरुण कुमार बिसेन

भारतीय राजनीति के उस विशाल आकाश में, जहां सत्ता की चमक अक्सर सेवा की सादगी को ढक लेती है, वहाँ कुछ नाम ऐसे भी हैं जो पदों की गरिमा से नहीं, बल्कि अपने चरित्र की सुगंध से पहचाने जाते हैं। डॉ. रमन सिंह ऐसा ही एक नाम है जो राजनीति में सादगी, समर्पण और संघर्ष का त्रिवेणी संगम हैं। डॉ रमन एक ऐसा नाम जो छत्तीसगढ़ की माटी में इस तरह रचा-बसा है जैसे धान के खेतों में फैली हरियाली हो। स्टेथोस्कोप थामने वाले हाथों ने जब राज्य की बागडोर संभाली, तो उन्होंने साबित किया कि राजनीति भी एक इलाज है शोषितों, वंचितों, पीड़ितों की पीड़ा दूर करने का, अव्यवस्था व अराजकता की बीमारियों का। छत्तीसगढ़ के 5000 दिन से अधिक मुख्यमंत्री रहने वाले डॉ रमन सिंह का पूरा जीवन एक प्रेरणा है। उनके जीवन का सफर किसी फिल्म की स्क्रिप्ट सा लगता है, क्योंकि पार्षद से मुख्यमंत्री बनने का सफर यूं तो आसान नहीं होता लेकिन उनके जनसेवा के जुनून ने इस सफर को परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा से संभव कर दिया।

राजनांदगांव के कवर्धा (ठाठापुर) की उस पावन धरती पर, जहां सादगी और संस्कार हवा में घुले थे, 15 अक्टूबर 1952 को एक ऐसे बालक ने जन्म लिया जो आगे चलकर लाखों दिलों की धड़कन बनेगा डॉ. रमन सिंह। साधारण परिवार में जन्मे रमन का बचपन मिट्टी की उस खुशबू में बीता जिसमें संस्कार, परिश्रम और सेवा घुली थी। शायद उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन वे छत्तीसगढ़ के भाग्य-विधाता बनेंगे।पर जीवन की शुरुआत से ही उनमें थी अदम्य जिजीविषा, सेवा का संस्कार और जनता के दर्द को समझने की वह संवेदनशीलता जो किताबों से नहीं, जीवन से सीखी जाती है। MBBS का सपना उम्र की सीमा ने रोक दिया, पर उन्होंने इसे रुकावट नहीं, अवसर समझा। BAMS में प्रवेश लिया, डॉक्टर बने और जीवन को सेवा का मार्ग बना लिया।मरीजों की सेवा करते हुए भी उनकी दृष्टि समाज की बड़ी बीमारियों गरीबी, असमानता और विकास की कमी पर थी। कवर्धा में उन्होंने अपना क्लिनिक खोला, पर एक दिन कुछ ऐसा देखा जिसने उनकी पूरी जीवन दिशा बदल दी।

कई गरीब ऐसे थे, जिनके पास मामूली फीस देने तक के पैसे नहीं थे। बीमारी उनके दरवाजे पर दस्तक देती थी, लेकिन इलाज के दरवाजे उनके लिए बंद थे। डॉ. रमन का हृदय पिघल गया। उन्होंने एक फैसला लिया जो उनकी जिंदगी की पहली बड़ी सेवा यात्रा बन गई शनिवार को मुफ्त इलाज। हर शनिवार उनका क्लिनिक गरीबों, आदिवासियों और जरूरतमंदों से भर जाता। कोई पैसा नहीं, कोई भेदभाव नहीं, बस इलाज और इंसानियत। डॉ. रमन की इस निःस्वार्थ सेवा को देख, वहां के गरीब आदिवासियों ने उनका नाम रख दिया 'शनिचरी डॉक्टर'। यह उपाधि किसी विश्वविद्यालय ने नहीं दी थी, यह उन्हें मिली थी उन आंखों से जिनमें आभार के आंसू थे, उन हाथों से जो दुआओं में उठते थे।



समय था 1999 का तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे ने डॉ. रमन सिंह को राजनांदगांव से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा। लेकिन यह कोई सामान्य चुनाव नहीं था यह एक युद्ध था। सामने कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा थे, जिन्हें चुनाव से पहले ही लोग विजयी मान चुके थे। राजनीतिक जानकार कह रहे थे कि डॉ रमन सिंह का जीतना असंभव है। लेकिन सामने थे डॉक्टर रमन, जिन्हें हर मर्ज का इलाज आता था, जिन्होंने कभी हार नहीं मानी थी। उस चुनाव में उन्होंने अथक परिश्रम किया। सुबह से रात तक, गांव-गांव, घर-घर। उनके पैरों में छाले पड़ गए, लेकिन इरादे डगमगाए नहीं। जब परिणाम आए तो हर कोई सन्न रह गया। डॉक्टर रमन सिंह ने 26 हजार वोटों से जीत दर्ज की यह केवल एक चुनावी जीत नहीं थी, यह विश्वास की जीत थी, समर्पण की जीत थी। और इसका इनाम भी उन्हें मिला वे केंद्र में राज्य मंत्री बनाए गए।

छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ था। उस समय प्रदेश में कांग्रेस का वर्चस्व था, जोगी सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष तो था, लेकिन विकल्प की तलाश भी थी। भाजपा के कार्यकर्ताओं के मन में हताशा थी, संगठन बिखरा हुआ था। डॉ. रमन सिंह ने संगठन को एक नया जीवन दिया। उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने में जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया, उनके मन में जमी हताशा को उम्मीद में बदला, उनकी टूटी हुई कमर को फिर से सीधा किया। उनकी वाणी में जादू था मृदु, लेकिन प्रभावशाली; सरल, लेकिन गहरी। और फिर आया वह ऐतिहासिक क्षण 2003 का विधानसभा चुनाव। लोगों को भरोसा कम था, अपने लोग ही दबी जुबान से कहते थे कि सरकार नहीं बनेगी। राजनीतिक विश्लेषक कांग्रेस की जीत के आंकड़े गिना रहे थे। लेकिन डॉ. रमन सिंह को अपनी जनता पर, अपने कार्यकर्ताओं पर, और सबसे बढ़कर अपने संकल्प पर विश्वास था। जब परिणाम आए, तो छत्तीसगढ़ की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की।

7 दिसंबर 2003 यह तारीख छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखी गई। जिस दिन वे मुख्यमंत्री की शपथ लेने गए, उस दिन उनकी आंखों में आंसू थे जिम्मेदारी के, संकल्प के, और जनता के विश्वास के। उन आंसूओं में छत्तीसगढ़ के सपने तैर रहे थे, उन आंसूओं में एक नए युग का आगमन था। फिर सेवा और समर्पण का यह कारवां 2008 और 2013 में भी जीत के साथ आगे बढ़ता गया। तीन बार लगातार मुख्यमंत्री बनना, यह केवल राजनीतिक सफलता नहीं, जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण था।

डॉ. रमन सिंह का 15 साल का मुख्यमंत्रित्व काल केवल शासन नहीं थायह एक मिशन था, एक यज्ञ था छत्तीसगढ़ के कायाकल्प का। उनकी सोच साफ थीविकास सबके लिए हो, हर वर्ग तक पहुंचे, और धरातल पर दिखे। 2003 में जब उन्होंने शपथ ली तब छत्तीसगढ़ के हालात बहुत बेहतर नहीं थे। मध्यप्रदेश से अलग हुए मात्र 3 साल हुए थे, प्रदेश अभी संभल ही रहा था। ऊपर से कांग्रेस सरकार के 3 साल के भ्रष्टाचार और अपराध ने इसे और गर्त में ला दिया था। डॉ. रमन ने इसे चुनौती के रूप में लिया और छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान देने का संकल्प लिया।

छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' कहा जाता है, लेकिन विडंबना यह थी कि किसानों की हालत दयनीय थी। बस्तर जैसे क्षेत्रों में भूख से मौत जैसी दुखद घटनाएं होती थीं। कुपोषण से बच्चे मर रहे थे, माताओं की आँखों में आँसू थे। यह दृश्य डॉ. रमन के लिए असहनीय था। एक चिकित्सक के रूप में, एक इंसान के रूप में, और मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने संकल्प लिया 'छत्तीसगढ़ में कोई भी बच्चा भूखे पेट नहीं सोएगा।' 2008 में उन्होंने एक ऐसी योजना शुरू की जो छत्तीसगढ़ की पहचान बन गई, जो देश भर में चर्चा का विषय बनीगरीबों को मात्र 2 रुपये प्रति किलो की दर पर चावल उपलब्ध कराना। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं थी यह उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण था, यह उनके हृदय की आवाज़ थी। बाद में इसे और सुलभ बनाते हुए अंत्योदय कार्ड धारकों को 1 रुपये और BPL परिवारों को 2 रुपये प्रति किलो चावल दिया जाने लगा।

जब एक गरीब माँ अपने बच्चों को पेट भर भोजन करा पाती है, जब एक मजदूर को यह चिंता नहीं रहती कि रात को क्या खाएगा, जब एक बुजुर्ग के चेहरे पर संतोष की मुस्कान आती हैतो उनकी आंखों में जो आभार होता है, वही डॉ. रमन सिंह की असली उपलब्धि है। लोगों ने उन्हें एक नया नाम दिया 'चाउर वाले बाबा' (चावल वाले बाबा)। शनिचरी डॉक्टर अब चाउर वाले बाबा बन गए थे। यह उपाधि किसी पुरस्कार समारोह में नहीं मिली थी, यह मिली थी उन लाखों परिवारों की दुआओं से जिनके घरों में चूल्हा जलने लगा था। उनकी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) और अन्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाई। देश के अन्य राज्यों ने छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाना शुरू किया। लेकिन डॉ रमन के लिए यह कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं थीयह उनके जीवन के उस संकल्प की पूर्ति थी जो उन्होंने शनिचरी डॉक्टर के रूप में देखा था।

आज जब डॉ. रमन सिंह अपने जीवन के 73वें वर्ष में हैं, तब भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ। उनकी आँखों में अब भी वही चमक है, हृदय में वही धड़कन हैछत्तीसगढ़ के विकास की, जनता की भलाई की। समय ने उनके बालों को सफेद कर दिया है, लेकिन उनके इरादे अब भी पहाड़ों जितने मजबूत हैं।उनका जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं है। यह जनसेवा का एक माध्यम है, समाज परिवर्तन का एक हथियार है। यह सिखाता है कि सच्ची ताकत पद में नहीं, चरित्र में होती है। यह बताता है कि जब आप ईमानदारी से काम करते हैं, जब आप जनता के दुख-दर्द को अपना समझते हैं, तो जनता आपको कभी भूलती नहीं। सत्ता आती-जाती है, लेकिन प्रेम और सम्मान हमेशा के लिए रह जाता है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में डॉ. रमन सिंह का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगाउनका विलक्षण व्यक्तित्व जिसने राजनीति को सेवा का पर्याय बनाया, जिसने विकास को जनता तक पहुँचाया, और जिसने साबित किया कि सादगी और संवेदनशीलता ही सच्ची महानता की निशानी है। वे शनिचरी डॉक्टर से शुरू हुए, चाउर वाले बाबा बने, और आज भी जन-जन के दिलों में बसे हैं।

*लेखक - विशेष सचिव, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा*

## जयंती विशेष



श्वेता गोयल

# मिसाइल मैन डा. कलाम ने दी सपनों को उड़ान

भारत के इतिहास में कुछ ही व्यक्तित्व ऐसे हुए हैं, जिन्होंने विज्ञान, शिक्षा, नेतृत्व और मानवीयता के हर क्षेत्र में अपने अमिट पदचिह्न छोड़े हों। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, जिन्हें 'मिसाइलमैन' और 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में जाना जाता है, उन विरल महान विभूतियों में से एक थे। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि किस प्रकार सीमित साधनों से प्रारंभ हुआ एक व्यक्ति अपनी प्रतिभा, परिश्रम, ईमानदारी और दृष्टि से राष्ट्र का मार्गदर्शक बन सकता है। उनकी सादगी, मितव्ययिता, निष्ठा और कर्मशीलता ने न केवल वैज्ञानिकों और राजनेताओं को, बल्कि करोड़ों सामान्य भारतीयों को भी गहराई से प्रभावित किया। तमिलनाडु के रामेश्वरम में 15 अक्टूबर 1931 को एक साधारण नाविक परिवार में जन्मे अब्दुल कलाम बचपन से ही जिज्ञासु, परिश्रमी और आत्मविश्वासी थे। गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाया। उन्होंने बचपन में समाचारपत्र बेचकर परिवार को सहारा दिया परंतु उनके मन में सदैव विज्ञान के प्रति गहरी रुचि थी। यह वही जिज्ञासु बालक था, जिसने समुद्र तट पर उड़ते पक्षियों को देखकर उड़ान का सपना देखा और वही सपना बाद में भारत की मिसाइल और अंतरिक्ष परियोजनाओं में वास्तविकता का रूप ले सका। मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद कलाम ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और बाद में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में कार्य किया। इसरो में उन्होंने सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल प्रोजेक्ट में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसने भारत को 1980 में 'रोहिणी उपग्रह' के सफल प्रक्षेपण के साथ अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित किया। बाद में डीआरडीओ में लौटकर उन्होंने 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की अगुवाई की, जिसके तहत पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश, नाग और अग्नि जैसी मिसाइलें विकसित हुई। इस उपलब्धि ने उन्हें भारत का 'मिसाइलमैन' बना दिया। परमाणु शक्ति सम्पन्न भारत का सपना साकार करने में भी डॉ. कलाम की भूमिका अत्यंत निर्णायक रही। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के दौरान उन्होंने रणनीतिक और तकनीकी दोनों स्तरों पर देश का नेतृत्व किया। यह परीक्षण भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया। कलाम केवल मिसाइल या परमाणु शक्ति के प्रतीक नहीं थे, वे एक ऐसे वैज्ञानिक थे, जिन्होंने अपने कार्य को राष्ट्रनिर्माण का साधन बनाया। डा. कलाम विज्ञान को केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रखते थे बल्कि उसे समाज की बेहतरी और राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से जोड़ते थे। उनका मानना था कि विज्ञान केवल खोज का साधन नहीं, आत्मनिर्भरता और नैतिकता का आधार है। वे सदैव कहते थे कि भारत के युवाओं के पास अपार क्षमता है; बस उन्हें अपने सपनों को हकीकत में बदलने का साहस होना चाहिए। उनका प्रसिद्ध वाक्य 'सपना वह नहीं, जो आप सोते समय देखते हैं, सपना वह है, जो आपको सोने नहीं देता' आज भी हर युवा के हृदय में प्रेरणा जगाता है। वे युवाओं से कहते थे, 'अलग सोचने की हिम्मत रखो, आविष्कार करने की हिम्मत रखो, असंभव को संभव बनाने की हिम्मत रखो।' जब वे 2002 में भारत के 11वें राष्ट्रपति बने, तब पूरा देश गौरवान्वित हुआ क्योंकि यह पहली बार था, जब कोई वैज्ञानिक राष्ट्रपति पद तक पहुंचा। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनकी सादगी में कोई बदलाव नहीं आया। वे केवल दो सूटकेस लेकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे, एक में उनके कपड़े और दूसरे में उनकी पुस्तकें। उन्होंने कभी विलासिता को जीवन का हिस्सा नहीं बनने दिया। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने मात्र दो छुट्टियां ली, एक पिता के निधन पर और दूसरी माता के देहांत पर। उनका जीवन अनुशासन और आत्मसंयम की पराकाष्ठा था। डा. कलाम की बौद्धिक दृष्टि केवल विज्ञान तक सीमित नहीं थी। वे एक गहरे चिंतक, शिक्षाविद् और लेखक भी थे। उन्होंने 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं। उन्होंने जिस शिक्षित, आत्मनिर्भर, नैतिक और वैज्ञानिक सोच वाले भारत का सपना देखा था, वह केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, मानवीयता के उन मूल्यों से बनेगा, जिन्हें उन्होंने अपने जीवन में जिया। आज भले ही भौतिक रूप से वे हमारे बीच नहीं हैं पर उनकी आत्मा आज भी हर युवा के सपनों में, हर वैज्ञानिक की प्रयोगशाला में, हर शिक्षक की कक्षा में और हर भारतीय के दिल में जीवित है। डा. कलाम केवल भारत के राष्ट्रपति या वैज्ञानिक नहीं थे बल्कि भारत की आत्मा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने हमें सिखाया कि ज्ञान, विनम्रता और मानवता जब एक साथ चलते हैं तो राष्ट्र अमर हो जाता है।

( लेखिका शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आए हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खराब सड़कों पर बढ़ता ट्रॉफिक

इन दिनों राजनानी में त्योहारों के चलते लोग खरीददारी करने आ रहे हैं। बाजार में भारी संख्या में दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है, तो दूसरी और सड़कों की खराब हालत के कारण शहर में ट्रैफिक जाम का लगना आम हो गया है। शहर की मुख्य सड़क हो या मेन बाजार इन पर अब घंटों जाम लग रहा है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़कों पर बनने वाले बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि सड़कों की मरम्मत के साथ इस पर दुकान लगाकर बैठने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि हादसों की संभावना कम हो और लोग सुरक्षित रहें।

*- मनोज कुशवाहा, रायपुर*

## करंट अफेयर

# 13 अक्टूबर आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित


संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 1989 में, 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित किया। उस समय, इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण को दुनिया भर में रोज़मर्रा की सोच का हिस्सा बनाना था। आज यह लक्ष्य पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है, क्योंकि आपदाएं पहले की तुलना में अधिक तीव्रता और आवृत्ति से आ रही हैं। हालांकि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अब भी आपदा जोखिम और उनके प्रभावों को कम करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि आपदाओं को लेकर हमारी सोच और बातचीत का तरीका भी कई बार दीर्घकालिक संकटों को नजरअंदाज कर देता है। तात्कालिक घटनाओं जैसे भूकंप, तूफान और जंगल की आग पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, जबकि जलवायु परिवर्तन जैसे धीमी गति से बढ़ने वाले संकटों पर कम। ईश्वरीय दंड से मानवीय जिम्मेदारी तक इतिहास में आपदाओं को अक्सर ईश्वर का दंड या आस्था की परीक्षा के रूप में देखा गया। प्राचीन ग्रंथों जैसे 'गिलगमेश' महाकाव्य, इस्लामिक परंपराएं, बौद्ध और हिंदू धर्मों में भी प्राकृतिक आपदाओं को आध्यात्मिक या धार्मिक दृष्टिकोण से समझा गया।



## ऑफ बीट

# तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत

भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।



## विचार

# वामपंथ की लड़ाई अब धराशायी होने जा रही

नक्सली उन्मूलन के लड़ाई में 6 करोड़ के इनामी नक्सल नेता भूपति का आत्मसमर्पण एक महत्वपूर्ण मोड़ है। एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। निश्चित ही वामपंथ की सशस्त्र लड़ाई का मॉडल अब धराशाई होने जा रहा है। भूपति के मारे जाने या गिरफ्तार किए जाने से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका आत्मसमर्पण है। भूपति के आत्मसर्पण से सशस्त्र लड़ाई का जो वैचारिक आधार बनाया गया था उसका खोखला पन उजागर होगा। लड़ते लड़ते मर जाने की अपेक्षा आत्मसमर्पण यह सिद्ध करता है कि या तो नक्सलियों के शीर्षस्थ नेतृत्व में भी अपने विचार धारा के प्रति निष्ठा कमजोर थी या वास्तव में तो यह मानना चाहिए कि अपने आप में यह विचार ही कमजोर है।

नक्सल के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई का जब विश्लेषण करेंगे तो हम पाएंगे कि सफलता के इस स्तर तक आने में छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान है। 2007से 2017 तक छत्तीसगढ़ में यह लड़ाई तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा बलों ने विशेषकर राज्य की पुलिस ने बहुत जीवटता से लड़ी।यह वह काल था जब वास्तव में देश में नक्सलियों से केवल छत्तीसगढ़ सरकार लड़ाई लड़ रही थी। उन दिनों में प्रदेश शासन को बहुत बड़े बड़े आघात सहना पड़े ,पर कभी भी राज्य सरकार का संकल्प कमजोर नहीं पड़ा।हर घटना से सरकार ओर सुरक्षा बलों ने कुछ ना कुछ सीखा।

इन आघातों ने उन्हें रणनीतिक दृष्टि से मजबूत किया। 2023 में छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा सरकार का आना और केंद्र में भी भाजपा सरकार का होना नक्सलवाद के खात्मे के लिए महत्वपूर्ण संयोग बना। सन 2024 और 2025 में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई की दिशा ही बदल गई।इन दो वर्षों में नक्सलियों को कई बड़े आघात झेलना पड़े ओर उनकी कमर टूट गई।

मैं पुनः दोहराना चाहता हूं कि भूपति के आत्मसर्पण ने विचार के स्तर पर नक्सलवाद की जड़े हिला दी हैं। नक्सलवाद की हार यह वास्तव में लोकतंत्र की जीत है।

भारत के गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ता और कुशल रणनीति , छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नेतृत्व ,छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा का युवकोचित सक्रियता ओर सहभागिता तथा छत्तीसगढ़ के पुलिस के रणनीतिकार अधिकारी निश्चित ही बधाई के पात्र हैं ।इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह का योगदान भी इस लड़ाई के इतिहास में अवश्य रेखांकित होगा।

*- विवेक सक्सेना*

बिलासपुर

**बुधवार 15 अक्टूबर 2025**

कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 25, अंक : 203
पृष्ठ : 12+18 = 30 मूल्य : 5.00***

**मौसम**
अधि. 31.3
न्यून. 22.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 भरत थम्मिनेनी ने फतह की 8 हजार...





विचार पेज
2 सादगी, समर्पण और संघर्ष...


# सौम्या ने कमाए थे 50 करोड़, 45 संपत्तियों में किया निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

कोयला, डीएमएफ सहित अन्य मामलों में जेल में बंद राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया के विरुद्ध आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने विशेष न्यायालय में मंगलवार को 8 हजार पन्नों का चालान पेश किया है। इस चालान में ईओडब्ल्यू ने आरोप लगाया है कि सौम्या ने अपने प्रशासनिक पद पर रहते हुए आय से 1872.86 प्रतिशत अधिक 50 करोड़ रुपए कमाए हैं, जो अवैध है। इस अवैध राशि को सौम्या ने 45 अचल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ईओडब्ल्यू ने विशेष न्यायालय में पेश की चार्जशीट




#### ऐसी रही पदस्थापना

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2008 बैच की राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी सौम्या चौरसिया की प्रथम पदस्थापना डिप्टी कलेक्टर कार्यालय कलेक्टर जिला बिलासपुर में हुई थी। इसके पूर्व वे वर्ष 2005 में लेखाधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। वर्ष 2019 में वह मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव के पद पर पदस्थ हुई थीं। इस तरह अपने 17 वर्ष के सेवाकाल में सौम्या एवं उनके परिवार की वैध आय लगभग 25189175 रुपए है, जबकि उनके द्वारा लगभग 50 करोड़ रुपए की अवैध आय से संपत्तियां अर्जित की गई हैं।

## आईपीएस पूरन सुसाइड मामले में नया ट्विस्ट, अब एएसआई ने दी जान

*हरियाणा में उलझ गई पूरन की डेथ मिस्ट्री*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस के दो हाई-प्रोफाइल सुसाइड ने पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। 7 अक्टूबर को जहां आईपीएस वाई पूरन कुमार ने सुसाइड नोट लिखकर वरिष्ठ अधिकारियों पर जातिगत उत्पीड़न का आरोप लगाया था, वहीं अब रोहतक में एएसआई संदीप कुमार ने आत्महत्या करने से पहले एक सुसाइड वीडियो जारी कर पूरन कुमार की आत्महत्या पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। इधर, राज्य के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया गया। इस बीच, ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### डीजीपी को छुट्टी पर भेजा

*हरियाणा सरकार ने आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की कथित आत्महत्या मामले को लेकर विपक्ष के हमले के बीच डीजीपी शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया। सरकार ने इससे पहले रोहतक के पूर्व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया का तबादला कर दिया था।*

### पूरन के परिवार से मिले राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा के पुलिस अधिकारी वाई. पूरण कुमार की मौत सभी दलितों के सम्मान का मामला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मामले में तत्काल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राजस्थान के जैसलमेर जिले में बड़ा हादसा

# चलती बस में लगी भीषण आग, जिंदा जले 20 यात्री

*राजस्थान के जैसलमेर जिले में मंगलवार दोपहर बाद जोधपुर जा रही एक निजी बस में आग लगने से 20 लोग जिंदा जल गए और 16 गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने बताया कि 57 यात्रियों को लेकर बस अपराह्न करीब तीन बजे जैसलमेर से रवाना हुई थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जैसलमेर

जैसलमेर-जोधपुर राजमार्ग पर बस के पिछले हिस्से से धुआं निकलने लगा। चालक ने बस को सड़क किनारे रोका। हालांकि कुछ ही पलों में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। उसने बताया कि स्थानीय निवासी और राहगीर मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में मदद की। सेना के जवान भी मदद के लिए आगे आए। दमकल और पुलिस को सूचित किया गया और घायल यात्रियों को इलाज के लिए जैसलमेर के जवाहर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 16 यात्रियों को जोधपुर के एक ▶▶|शेष पेज 6 पर

- जैसलमेर से रवाना हुई बस में सवार थे 57 यात्री



### पीएम ने किया मुआवजे का ऐलान


पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि जैसलमेर में हुए एक हादसे में हुई जान-माल की हानि से व्यथित हूं। उन्होंने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

### कहां हुआ हादसा

बस रोजाना की तरह दोपहर करीब 3 बजे जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी। करीब 20 किलोमीटर दूर रास्ते में थईयात गांव के पास अचानक बस के पिछले हिस्से में धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे।

### गांव वालों और राहगीरों ने किया बचाव

गांव वालों और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने आसपास के जल स्रोतों से पानी और रेत की मदद से आग बुझाने की कोशिश की। इस बीच सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में करीब एक घंटे का समय लगा।




# विश्व मानक दिवस पर मुख्यमंत्री ने दिलाई गुणवत्ता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विश्व मानक दिवस के अवसर पर आयोजित मानक महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गुणवत्ता ही आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक पहचान है।

उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में मानकों का पालन पारदर्शिता, उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और नवाचार के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बीआईएस का हॉलमार्क अब उपभोक्ता विश्वास का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने जनता को गुणवत्ता शपथ दिलाई और कहा मानक केवल नियम नहीं, राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न संस्थाओं और मानक क्लबों को सम्मानित किया तथा बीआईएस और अन्य संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने बीआईएस केयर ऐप को उपभोक्ता सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि जागो ग्राहक जागो का संदेश समाज में गुणवत्ता और सजगता का प्रतीक है।

### स्वर्णकला बोर्ड बनाया जाएः कमल

छत्तीसगढ़ ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष सराफा उद्योग की प्रमुख मांग स्वर्णकला बोर्ड के गठन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि जैसे मध्यप्रदेश और राजस्थान में स्वर्णकला बोर्ड हैं, वैसे ही छत्तीसगढ़ में भी सुनारी कला और कारीगरों के संरक्षण के लिए बोर्ड बनना चाहिए। श्री सोनी ने बताया कि बीएसआई सराफा लागू होने से प्रदेश के सराफा व्यापार में पारदर्शिता और उपभोक्ता विश्वास दोनों बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था व्यापारियों और ग्राहकों के बीच भरोसे की नई नींव रख रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मांग को लोकहित से जुड़ा विषय बताते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया कि सरकार इस पर शीघ्र निर्णय लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सराफा व्यवसाय से जुड़ी नीतियों को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा, ताकि व्यापार को नई गति मिले। कमल सोनी ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ के सराफा व्यवसायियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वास पर आधारित व्यापारिक वातावरण निर्मित होगा। कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के निदेशक एन. व्ही. रमन्ना राव, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थोरानी, इस्पात प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक ए. के. चक्रवर्ती, कैट अध्यक्ष परमानंद जैन और स्टील रिरोलर्स संघ के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# एलन टैलेंटेक्सः छत्तीसगढ़ में पांच हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एलन कैरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एलन टैलेंटेक्स 2025 की ऑफलाइन परीक्षा के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ से 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह परीक्षा राज्य के रायपुर, भिलाई और बिलासपुर सहित 40 केंद्रों पर आयोजित की गई।

रायपुर स्थित पचपेड़ी नाका सेंटर में ही 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि इस परीक्षा से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है और उन्हें भविष्य की दिशा तय करने में मदद मिलती है। टैलेंटेक्स परीक्षा देशभर के 25 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 726 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें कुल 1.70 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। एलन के वाइस प्रेसीडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि 5 और 12 अक्टूबर को आयोजित परीक्षा का संयुक्त परिणाम नवंबर के पहले सप्ताह में घोषित किया जाएगा। इसमें स्टूडेंट्स को ऑल इंडिया रैंक, नकद पुरस्कार और स्कॉलरशिप दी जाएगी। चयनित छात्रों को एलन में प्रवेश पर 90% तक स्कॉलरशिप का लाभ भी मिलेगा।

### एचसीएल का लाभ दूसरी तिमाही में 4,235 करोड़ रुपए पर स्थिर

**नई दिल्ली।** एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ एक साल पहले की इसी अवधि के मुकाबले 4,235 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। आईटी कंपनी ने कहा कि उसका शुद्ध लाभ जून, 2025 तिमाही की तुलना में 10.2 प्रतिशत बढ़ा।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 23 फीसदी बढ़ा-** नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 1,633 करोड़ रुपये हो गया।


## गुमशुदा



नाम-जयप्रकाश सुर्यवंशी (24 वर्ष) पिता रामकिशुन सूर्यवंशी ग्राम मचखंडा एनटीपीसी सीपत थाना सीपत जिला बिलासपुर छ ग़ का निवासी है। इनका कद 5फीट 2इंच, रंग सांवला, काला प्रिंट वाला हाफ शर्ट, भूरा रंग का हाफ चड्डा पहनकर निकला है। निवासी अभिषेक विहार मंगला बिलासपुर से दिनाँक 13/10/2025 से गुमशुदा है। इनकी मानसिक स्थिति ठीक नही है। नजदीक के थाने में भी सूचित किया जा चुका है। कृपया जिस किसी भी सज्जन को मिले या दिखे कृपया निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करने का कष्ट करे:- मो. 7000261722, 7828562574, 7240971495

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(तृतीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 177275/निविदा सूचना क्र. 21 / व.ले.लि./ 2025-26 दि. 09.10.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 28.10.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम - कांकेर जिले के विकासखंड़ कोलयीबेड़ा में चारगांव जलाशय का 2 नग स्लूस गेट, उलट वियर, 8 नग वी.आर.बी., 2 नग साइफन, टो-वॉल, 2 नग एक्वाडक्ट, 1 नग क्रॉसिंग ड्रेनेज, 6 नग कुलाबा आउट लेट, 4 नग इनलेट निर्माण कार्य एवं नहर के आर.बी.सी. 0 मी. से 2370 मी. तक एवं एल.बी.सी. 0 मी. से 2310 मी. तक सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग का कार्य।**

**अनुमानित लागत रू. 422.99 लाख**

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक)) अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 16.10.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा दिनांक 01.10.2024 से अभी तक जारी समस्त निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र मान्य होगा (प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग के पत्र क्रमांक 425001/TC/2016/सर्क/9210 रायपुर दिनांक 23.09.2025 के अनुसार)।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कांकेर**
**कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

जी. 252604147/4


### 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल 30 नवंबर तक बढ़ाया



**नई दिल्ली।** सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल एक महीने बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दिया है। सरकार ने 31 दिसंबर 2023 को 16वें वित्त आयोग का गठन किया था और नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया का इसका चेयरमैन बनाया गया था। इस आयोग को 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। आयोग मुख्य तौर पर एक अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए केंद्र एवं राज्यों के बीच करों के वितरण पर सिफारिशें करता है।

### केईसी को पारेषण लाइन के लिए मिला बड़ा ठेका

**नई दिल्ली।** अवसंरचना क्षेत्र की प्रमुख कंपनी केईसी इंटरनेशनल ने मंगलवार को कहा कि उसे सऊदी अरब में पारेषण लाइन स्थापित करने के लिए 1,064 करोड़ रुपये का नया ठेका मिला है। आरपीजी समूह की कंपनी केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड ने बयान में कहा कि उसने सऊदी अरब में 380 केवी पारेषण लाइन के डिजाइन, आपूर्ति और स्थापना के लिए 1,064 करोड़ का नया ठेका हासिल किया है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

**Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/ se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 29.10.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | ए. आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 159 | 177565 | ग्राम चिपरेल से साल्हेभाट मार्ग लंबाई 2.30 किमी (बचत कार्य) पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 104.13 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। **ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 29.10.2025 है। नोट:-द्वितीय आमंत्रण**

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर**

जी. 252604176/3

## छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड

**(छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग) गोविन्द सारंग व्यवसायिक परिसर, द्वितीय तल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)**

**Phone/Fax: 0771-2252334 Email:- cghandicrafts@gmail.com**

**Website:-www.cghandicraft.cgstate.gov.in**

क्र./922/ह.शि.वि.बो./ विपणन / 2025-26 — रायपुर, दिनांक : 13/10/25

**Meeting Related Information before making EOI/RFP**

The Chhattisgarh Handicraft Development Board (CHDB), Raipur, under the Department of Rural Industries, Govt. of Chhattisgarh, is organizing a Pre-Bid Meeting before issuing the EOI for developing an E-Inventory System for handicraft products with API integration to major e-commerce platforms (Amazon, Flipkart, ONDC, etc.). The meeting aims to discuss technical features, feasibility, and vendor capabilities. Interested IT firms are invited to participate and share inputs. The presentation will be given by the Board. The detailed notice of this activity while uploaded on www.cgstate.gov.in

Date: 23/10/2025

Venue: Details will be shared via email

Email: cghandicrafts@gmail.com

Interested participants, are requested to confirm there to participation by sending an E-mail to the above Address.

**Managing Director C.G.**
**Handicraft Development Board**
**Raipur**

संवाद- 45599

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**e-mail: nagarpalikabankimongra@rediffmail.com Pin No-495445**

क्रमांक / 1591/ निर्माण / न.पा.प./ 2025-26 — बांकीमोंगरा, दिनांक 14.10.2025

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर. 01.01.2015 (भवन/ सड़क) एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची (भवन/ सड़क) निविदा जारी दिनांक से समस्त संशोधनों के साथ निर्माण कार्य मुहर बंद निविदा प्रपत्र पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 27.10.2025 समय सायं 4.00 बजे तक

परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि : 31.10.2025 समय सायं 5.00 बजे तक

निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 05.11.2025 समय सायं 3.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि: 05.11.2025 समय सायं 4.00 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र 08 शिवालय मोहल्ला मुक्तिधाम में शव दाह हेतु आर.सी.सी. स्ट्रक्चर निर्माण कार्य। | 7.99 | 6000.00 | 750.00 |
| 2 | वार्ड क्र 01 वार्ड क्र 10 तक जोनल कार्य। (रोड एस.ओ.आर.) | 9.50 | 7000.00 | 750.00 |
| 3 | वार्ड क्र 01 वार्ड क्र 10 तक जोनल कार्य। (भवन एस.ओ.आर.) | 9.50 | 7000.00 | 750.00 |
| 4 | वार्ड क्र 11 वार्ड क्र 20 तक जोनल कार्य। (रोड एस.ओ.आर.) | 9.50 | 7000.00 | 750.00 |
| 5 | वार्ड क्र 11 वार्ड क्र 20 तक जोनल कार्य। (भवन एस.ओ.आर.) | 9.50 | 7000.00 | 750.00 |
| 6 | वार्ड क्र 21 वार्ड क्र 30 तक जोनल कार्य। (रोड एस.ओ.आर.) | 9.50 | 7000.00 | 750.00 |
| 7 | वार्ड क्र 21 वार्ड क्र 30 तक जोनल कार्य। (भवन एस.ओ.आर.) | 9.50 | 7000.00 | 750.00 |
| 8 | वार्ड 01 में 02 नग बोर खनन, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं सिन्टेक्स स्थापना कार्य। (पार्षद निधि) | 3.72 | 3000.00 | 750.00 |
| 9 | वार्ड 02 में 02 नग बोर खनन, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं सिन्टेक्स स्थापना कार्य। (पार्षद निधि) | 3.72 | 3000.00 | 750.00 |
| 10 | वार्ड क्र 03 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 1.43 | 2000.00 | 750.00 |
| 11 | वार्ड 04 में 02 नग बोर खनन, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं सिन्टेक्स स्थापना कार्य। (पार्षद निधि) | 3.72 | 3000.00 | 750.00 |
| 12 | वार्ड 05 में मिनी उद्यान निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 4.50 | 3500.00 | 750.00 |
| 13 | वार्ड 06 में मिनी उद्यान निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 4.50 | 3500.00 | 750.00 |
| 14 | वार्ड 08 में 02 नग बोर खनन, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं सिन्टेक्स स्थापना एवं पाईपलाईन विस्तार कार्य (पार्षद निधि) | 4.50 | 3500.00 | 750.00 |
| 15 | वार्ड क्र 09 में विद्युत पोल विस्तार कार्य एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य। (पार्षद निधि) | 2.64 | 2000.00 | 750.00 |
| 16 | वार्ड 09 में बोर खनन, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं सिन्टेक्स स्थापना कार्य। (पार्षद निधि) | 1.86 | 2000.00 | 750.00 |
| 17 | वार्ड 10 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 2.69 | 2100.00 | 750.00 |
| 18 | वार्ड 10 में रिटेनिंग वाल कार्य। (पार्षद निधि) | 1.08 | 2000.00 | 750.00 |
| 19 | वार्ड 11 में तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य। (पार्षद निधि) | 4.50 | 3500.00 | 750.00 |
| 20 | वार्ड क्र 17 माईकल तिर्की घर से यशोदा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 3.71 | 3000.00 | 750.00 |
| 21 | वार्ड क्र 17 में सामुदायिक भवन में विद्युतीकरण (पार्षद निधि) | 0.79 | 2000.00 | 750.00 |
| 22 | वार्ड 20 में 02 नग बोर खनन, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं सिन्टेक्स स्थापना कार्य। (पार्षद निधि) | 3.72 | 3000.00 | 750.00 |
| 23 | वार्ड 22 में 02 नग बोर खनन, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं सिन्टेक्स स्थापना कार्य। (पार्षद निधि) | 3.72 | 3000.00 | 750.00 |
| 24 | वार्ड 29 में सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य। (पार्षद निधि) | 4.50 | 3500.00 | 750.00 |
| 25 | वार्ड क्र 24 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 3.71 | 3000.00 | 750.00 |
| 26 | वार्ड क्र 25 में मंच, शेड एवं सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य। (पार्षद निधि) | 4.48 | 3500.00 | 750.00 |
| 27 | वार्ड 26 में बोर खनन, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं सिन्टेक्स स्थापना कार्य। (पार्षद निधि) | 1.86 | 2000.00 | 750.00 |
| 28 | वार्ड क्र 27 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 3.71 | 3000.00 | 750.00 |
| 29 | एल.ई.डी. लाईट मरम्मत कार्य। | 3.00 | 2500.00 | 750.00 |
| 30 | स्ट्रीट लाईट पोल मरम्मत कर पुन: स्थापना कार्य। | 3.00 | 2500.00 | 750.00 |

टीप:- 1. निविदा संबंधित अन्य नियम एवं शर्ते, विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in के Tender/EOI Section से भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

**निविदा आमंत्रण तिथि 11.10.2025 ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग- स.क्र. 1. 2 जशपुर, स.क्र. 3.4 रामानुजगंज एवं स.क्र. 5, 6 मनेन्द्रगढ़ संभाग
03. स.क्र. 1, 2 "द" वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार, स.क्र. 3 से 6 "स" वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि 03.11.2025

| सरल क्र. | एन. आई. टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 199 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 जशपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में रोड सेफ्टी एवं विशेष मरम्मत का कार्य। (1) रोड सेपटी अंतर्गत जशपुर आस्ता कुसगी मार्ग के कि.मी. 37/6 एवं 40/10 में टोवाल का निर्माण कार्य। (2) रोड सेफ्टी अंतर्गत खोखसो बेजोरा से लुखी मधवा मार्ग के लंबाई 7.34 कि.मी. के कि.मी. 1/4 एवं 2/2 में टोबाल का निर्माण कार्य। (3) रोड सेपटी अंतर्गत टेम्पू से केराकोना मार्ग के कि.मी. 1/8 में टोवाल का निर्माण कार्य। (4) रोड सेफ्टी अंतर्गत जशपुर सन्ना मार्ग के कि.मी. 33/10/46/4,46/6,47/6-8 एवं 47/10 में टोवाल का निर्माण कार्य। (5) रेस्ट हाउस सन्ना से थाना सन्ना (चैनेज से 170 मीटर) में सी.सी रोड का विशेष मरम्मत कार्य। (6) रेस्ट हाउस सन्ना से थाना सन्ना (चैनेज 171 से 340 मीटर) 170 मीटर में सी.सी. रोड का विशेष मरम्मत कार्य। (7) रेस्ट हाउस सन्ना से थाना सन्ना लंबाई 245 मीटर में सी.सी रोड का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 72.35 |
| 2 | 200 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बगीचा एवं कुनकुरी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में विशेष मरम्मत का कार्य। (1) घुघरी मरोल ढोड़रअम्बा मार्ग के कि.मी. 10/4 में बाढ़ से क्षति के कारण इम्बकमेंट एवं सी सी रोड का विशेष मरम्मत कार्य। (2) घुघरी मरोल ढोवरअम्बा मार्ग के कि.मी. 10/4 में बाढ़ से क्षति के कारण टो-बाल का विशेष मरम्मत कार्य। (3) सन्ना चम्पा मार्ग के कि.मी. 15/8 चम्पा साईड में बाढ़ से क्षति के कारण रिटेनिगवाल का विशेष मरम्मत कार्य (4) सन्ना चम्पा मार्ग के कि.मी. 15/8 सन्ना साईड में बाढ़ से क्षति के कारण रिटेनिंगवाल का विशेष मरम्मत कार्य। (5) चम्पा इचोली मार्ग के कि.मी 1/2-4-6-8 टो-वाल का विशेष मरम्मत कार्य। (6) बगीचा रंगले बेतरा मार्ग के कि.मी 2/8 का विशेष मरम्मत कार्य। (7) सिंगीबहार कछुआकानी मार्ग के कि.मी. 2/10 में 1.50 मीटर स्लेब कलवर्ट का विशेष मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 61.66 |
| 3 | 201 | सभाग रामानुजगंज अंतर्गत विभिन्न मार्गों / पुल पुलियों का विशेष मरम्मत, एफ डी आर एवं रोड सेफ्टी का काय। (1) कुसमी आस्ता जशपुर मार्ग के कि.मी. 3/2 में स्थित पाईप पुलिया (वेन्टेज काजवे) का एप्रोन मरम्मत का कार्य। (2) कुसमी आस्ता जशपुर मार्ग के कि.मी. 3/2 स्थित पाईप पुलिया (वेन्टेड काजवे) का पहुंच मार्ग मरम्मत काय (3) बलरामपुर चादो सामरी मार्ग के कि.मी. 53/6 में मार्ग कटाव को रोकने हेतु रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। (4) दुर्गापुर चीता मार्ग के कि.मी. 5/10 में मार्ग कटाव को रोकने हेतु रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। (5) बलरामपुर दहेजवार मार्ग के कि.मी. 2/6 लंबाई 100 मीटर में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। (6) कामेश्वरनगर रामचंन्द्रपुर लुरगी मार्ग के कि.मी. 27/10 लंबाई 100 मीटर में सी सी रोड का निर्माण कार्य। (7) डिण्डो विमलापुर नावाडीह मार्ग के कि.मी 18/2 लंबाई 100 मीटर में सी सी रोड का निर्माण कार्य। (8) चलगली आरागाही मार्ग के कि.मी. 5/4.14/2 एवं 16/10 में टो-याल / प्रोटेक्शन का कार्य। (9) डिण्डो विमलापुर नावाडीह मार्ग के कि.मी. 3/4,13/4 एवं 17/2 में टो-वाल/प्रोटेक्शन का कार्य। (10) कामेश्वरनगर रामचन्द्रपुर लुरगी मार्ग के कि.मी. 10/10,25/10 एवं 30/4 में टो-वाल/प्रोटेक्शन का कार्य। (11) रामानुजगंज वाड्रफनगर मार्ग के कि.मी. 8/10,12/10.15/2 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त रिटेनिंग पाल का निर्माण कार्य। (12) धोन्या भगवानपुर चलगली मार्ग (ग्रामीण मार्ग) के कि.मी. 17/10 में रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। (13) धोन्या भगवानपुर चलगली मार्ग (ग्रामीण मार्ग) के कि मी. 19/6 एवं 19/8 में रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 177.95 |
| 4 | 202 | उपसंभाग वाड्रफनगर अंतर्गत विभिन्न मार्गोका विशेष मरम्मत, एफ डी आर एवं रोड सेफ्टी का कार्य। (1) प्रतापपुर सेमरसोत मार्ग (राज्य मार्ग-12) के कि.मी. 34/2 लंबाई 65 मीटर में रिटेंनिंग वाल का निर्माण कार्य। (2) प्रतापपुर सेमरसोत मार्ग (राज्य मार्ग-12) के कि.मी. 34/2 लंबाई 75 मीटर कि.मी. 35/2 लंबाई 60 मीटर कि.मी. 31/10 में 30 मीटर रिटेंनिंग वाल एवं कि.मी. 20/6 लंबाई 80 मीटर में आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। (3) अम्बिकापुर धनवार वाराणसी (राज्य मार्ग) मार्ग के कि.मी. 67/4,67/6.75/4,77/4-6 कुल 580.00 मीटर एवं 104/2-4,106/2,106/4. 107/4.107/6,107/8 एवं 107/10 में पी.सी.सी. पेव्ड शोल्डर का कार्य एवं कि.मी. 93/10,96/2,97/8,102/4 एवं 100/8 में फेसवाल एवं 107/8,106/2 में आर.सी.सी. गार्ड वाल एवं कि.मी. 107/8 में स्टील रेलिंग का कार्य। (4) अम्बिकापुर धनवार वाराणसी (राज्य मार्ग 2) मार्ग के कि.मी. 78/6 एवं 78/8 में क्रेश बैरियर का कार्य। (5) अम्बिकापुर धनवार वाराणसी (राज्य मार्ग) मार्ग के कि.मी. 65/8-10 कुल 230.00 मीटर में गार्ड वाल का कार्य। (6) रघुनाथपुर से लंगड़ी (ग्रामीण मार्ग) के कि.मी. 1/6 एवं 2/2 में रोड सेफ्टी एवं रेस्टारेशन का कार्य। (7) शारदापुर विरेन्द्रनगर मार्ग (ग्रामीण मार्ग) के कि.मी. 10/10 एवं 12/6 में रोड सेफ्टी एवं रेनोवेशन का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 184.73 |
| 5 | 203 | उपसंभाग बैकुण्ठपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गों में रोड सेफ्टी/एस.आर./एफ डी आर कार्य (1) खरवत से आनी (गामीण मार्ग की लंबाई 4.00 कि.मी.) और सारा से अमरपुर (ग्रामीण सड़क की लंबाई 1.85 कि.मी.) तक रोड सेफ्टी (पेव्हड शोल्डर) लंबाई 3.40 कि.मी. (3) पटना से भैयाथान रोड (राज्य मार्ग 12) की रोड सेफ्टी (पेव्हड शोल्डर) लंबाई 10.40 कि. मी. (4) भादी कुडेंली पटना रोड (मुख्य ग्रामीण मार्ग) की रिटेनिंग वाल लंबाई 22.60 कि.मी (5) पटना झुमरपारा रोड की रोड सेफ्टी) (पेव्हड शोल्डर) लंबाई 1.40 कि.मी. (6) राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से पटना बस्ती रोड (ग्रामीण मार्ग) तक रोड सेफ्टी (पेव्हड शोल्डर) लंबाई 1. 40 कि.मी. (7) अमरपुर चिरमिरी रोड (ग्रामीण मार्ग) की पेव्हउ शोल्डर और रिटेनिंग वाल लंबाई 12.00 कि.मी.) (प्रथम आमंत्रण) | 192.90 |
| 6 | 204 | उपसंभाग जनकपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गो में रोड सेफ्टी/एस.आर./एफ डी आर कार्य (1) मनेन्द्रगढ केल्हारी जनकपुर रोड कि.मी. 47/6 प्रोटेक्शन वाल (2) मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर रोड कि मी 58/10 प्रोटेक्शन वाल (3) मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर मार्ग के कि मी. 111/10,113/4 प्रोटेक्शन वाल (4) जनकपुर से कोटाडोल रोड कि.मी. 5/4.25/8 प्रोटेक्शन वाल (5) मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर मार्ग कि.मी. 66/4 एल/एस प्रोटेक्शन वाल (6) मनेन्द्रगढ़ केलहारी जनकपुर मार्ग कि.मी. 66/4 आर/एस प्रोटेक्शन वाल (7) बिहारपुर बदरा सोनहत रोड एम.डी.आर. कि.मी. 5/6-10 घाट चौड़ीकरण, सेफ्टी वाल एवं सी सी शोल्डर (8) भैसवार बदरा मार्ग विशेष मरम्मत कार्य। (9) मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर मार्ग कि.मी. 1/2 -2*30, 1/4 -2 *30, 3/2 -1 * 80, 3/8 -1* 20 , 5/2 -1 * 30, 6/2-1*100, 6/10-1*40, 8/2 -1 * 50, 8/4 -1* 80, 7/2 -2* 30, 9/8-1*50, 10/2 -1* 80, 10/8-1 * 40, 11/4 -2* 30, 11/10 -2* 50, 12/2 -1 *40, 13/6 -1 * 70, 14/4 - 1 * 135, 15/2-2 * 50, 15/10 -1 * 50, 16/4-1*50 = 13.25 कि.मी. (10) मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर मार्ग कि.मी. 17/8-1*100, 18/6 -1 * 50, 18/8 -1* 50 , 19/2 -1 * 100, 19/4 -1 * 100, 19/6-1*40, 19/8 -1 * 40, 21/8 -1 * 80, 22/2 -1 * 50, 23/4 -1 * 100, 23/6 -1 * 50, 23/8 1*80, 24/6 -1* 40, 26/2 -1 * 40, 26/6 -1 * 100, 26/10 -1 * 80 , 27/2 -1 * 70, 27/4-1*50, 27/8 -1 * 50, 27/10 -1* 55 = 13.25 कि.मी. (प्रथम आमंत्रण) | 155.03 |

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

जी. 252604152/3

**विज्ञापन क्रमांक वि.प्रौ./ भ्र.ता./01/रायपुर/1080 दिनांक 30/09/2025**

## छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भ्रमणशील तारामंडल के प्रदर्शन हेतु निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के छात्र-छात्राओं एवं जनमानस के मध्य परिषद कार्यालय में उपलब्ध 02 भ्रमणशील तारामंडल उपकरणों से प्रदर्शन किये जाने हेतु इच्छुक शासकीय/अशासकीय, स्वयंसेवी संस्थाओं से निम्न कार्य हेतु निविदायें (दर) आमंत्रित की जाती है।

1. प्रत्येक कार्यदिवस हेतु प्रदर्शनीय बाबत एक मुश्त दर। 2. जिला मुख्यालय से संबंधित शाला / प्रदर्शन स्थान तक आवागमन हेतु दर।

**निविदा की शर्तें:**

1. प्रदर्शन कार्यक्रम के आयोजन हेतु परिषद द्वारा प्रदत भ्रमणशील तारामंडल उपकरणों का ही उपयोग किया जाना है।
2. शालाओं का चयन संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से एवं सार्वजनिक स्थानों का चयन संबंधित स्थानीय निकायों के प्रमुख द्वारा किया जाना है।
3. प्रत्येक कार्यकम पश्चात संबंधित शाला प्रमुख से कार्यक्रम आयोजन संबंधी प्रमाण पत्र एवं कम से कम 05 छात्रों से कार्यक्रम संबंधी टीप प्राप्त किया जाना है।
4. संस्था के पास प्रदर्शनी हेतु श्एस्ट्रोफिजिक्स विषय में विशेषज्ञ होना चाहिए, जो कि छात्रों को तारामंडल की विशिष्टताओं से अवगत करा सके।
5. कार्यक्रम आयोजन से संबंधित अन्य शर्ते समय-समय पर परिषद द्वारा जारी की जा सकेगी।
6. निविदा के माध्यम से चयनित संस्थाओं को परिषद कार्यालय में उनके प्रस्तुतीकरण के विषय में एक "प्रेजेन्टेशन" प्रस्तुत करना होगा।
7. कार्यक्रम संबंधी चयनित संस्था एवं परिषद के मध्य एम.ओ.यू किया जाना होगा।
8. निविदा की अवधि एम.ओ.यू. की तिथि से एक वर्ष के लिए होगी, जिसे आवश्यकतानुसार एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

उपरोक्त शर्तो के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक संस्थायें "भ्रमणशील तारामंडल प्रदर्शन" लिखा हुआ बंद लिफाफा जिसके अंदर उनकी उपरोक्त दर्शित निविदा दर उल्लेखित हो, के साथ स्पीड पोस्ट के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर परिषद कार्यालय "छत्तीसगढ़ विज्ञानं एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, विज्ञान भवन, दलदल सिवनी, रायपुर (छ.ग) 492014" को प्रेषित करना होगा।

**(वैज्ञानिक-डी)**
**छ.ग. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद**

संवाद- 45601

## Home First Finance Company India Limited

homefirst We'll take you home

**CIN: L65990MH2010PLC240703,**

**Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com**

**परिशिष्ट-IV-ए (नियम 8(6) का परंतुक देखें)**

**अचल सम्पत्तियों के विक्रयार्थ विक्रय सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।**

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप में कॉलम (ii) के अनुसार कर्जदार(रों) तथा सह-कर्जदार(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित कालम (iii) के अनुसार निम्न विवरणित अचल सम्पत्तियां, जिनका होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे विवरणितानुसार अपनी बकाया राशियों और ब्याज की वसूली करने के लिए भौतिक कब्जा कर लिया गया है, और चूंकि बकाया राशियों का प्रतिभुगतान करने में उनकी विफलता के परिणामस्वरूप अब अधोहस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति के प्रयोगांतर्गत उक्त संपत्ति/यों के विक्रय द्वारा बकाया राशियों की वसूली करने का प्रस्ताव रखते हैं अतः इनका संपत्तियों का विक्रय यहां नीचे विवरणितानुसार "जैसी हैं जहां है", "जैसी हैं जो हैं" और "वहां जो कुछ भी हैं" आधार पर किया जाएगा। होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड को देय-भुगतेय कालम (i) के अनुसार कर्जदार(रों) तथा सह-कर्जदार(रों) से बकाया राशि की वसूली के लिए नीलामी का संचालन "ऑनलाइन" होगा।

| क्र. स. | कर्जदार(रों) तथा सह-कर्जदार(रों) का नाम | सम्पत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना राशि | कब्जे की तिथि | मार्केट मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंजू गरुड़, अंजलि गुराड, | फ्लैट-46/4, प.ह. नं. 61, मौजा घुरू, खं. सं. 46/4 (टुकड़ा), प.ह सं. 61, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएं: पूर्व - शेष भूमि, पश्चिम - सुनील तांबे का मकान, उत्तर - सड़क, दक्षिण - सेविंग रोड़, | 06-05-2025 | 13,21,654 | 07-07-2025 | 7,90,000 | 79,000 | 30-10-2025 (11am-2pm) | 28-10-2025 (upto 5pm) | 9822890334 |
| 2. | संदीप लाल यादव, ओशिन लाल यादव, | मकान-खं. सं. 42/129, मौजा- अमेरी, प.ह. सं. 43, प्लॉट नंबर -8 गली नंबर- 2, टेहटखतौर, आरएनएम- सकरी, बिलासौर, बिलासपुर-495001 सीमाएं: पूर्व - 25' सड़क, पश्चिम - संतोषी राजपूत का प्लॉट, उत्तर - राजेश यादव का प्लॉट, दक्षिण - 30' सड़क | 06-05-2025 | 10,63,135 | 07-07-2025 | 8,00,000 | 80,000 | 30-10-2025 (11am-2pm) | 28-10-2025 (upto 5pm) | 9822890334 |
| 3. | शिवनंदन साहू, गीतांजलि साहू | प्लॉट नं. 17, ख नंबर 325/6, प.ह. सं. 43, मौजा अमेरी, तहसील तखतपुर अब सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 | 03-02-2024 | 15,22,541 | 14-11-2024 | 10,75,000 | 1,07,500 | 30-10-2025 (11am-2pm) | 28-10-2025 (upto 5pm) | 9822890334 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/विवरणों, अन्य नियमों एवं शर्तों के लिए | खाता सं.: ईएमडी/अन्य राशि जमा कराने के लिए | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कम्पनी नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलोजीज लि. (ऑक्शन टाइगर) हेल्पलाइन नं. : 079-35022160/149/182 संपर्क हेतु व्यक्ति : राम शर्मा - 8000023297 ई-मेल आईडी : ramprasad@auctiontiger.net तथा support@auctiontiger.net | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117- होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि., एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-.** विक्रय जो होगा वह अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी मंच के माध्यम से होगा। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी विक्रय के सामान्य नियमों एवं शर्तों से समाविष्ट ई-नीलामी निविदा प्रलेख पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार, यहां संपत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पूर्व नीलामी पर रखी गई संपत्ति/यों के ऋणभारों, नामाधिकार तथा संपत्ति को प्रभावित करनेवाले दावों/अधिकारों/बकाया राशियों के संबंध में अपनी स्वयं की स्वतंत्र जांच-पड़ताल कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी प्रतिबद्धता अथवा किसी अभिवेदन को संस्थापित नहीं करता और संस्थापित करता हुआ नहीं माना जाएगा। संपत्ति का विक्रय होम फर्स्ट को ज्ञात अथवा अज्ञात समस्त विद्यमान एवं भावी ऋणभारों के साथ किया जा रहा है। प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत ऋणदाता किसी भी प्रकार किसी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों हेतु उत्तरदायी नहीं होंगे। विक्रय जो होगा वह वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगा। **किसी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी पाठ प्रामाणिक माना जाएगा।**

**सरफेसी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री के संबंध में 15 दिन की वैधानिक नोटिस**

कर्जदारों/गारंटरों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तिथि से पूर्व अद्यतन ब्याज एवं आनुषंगिक व्ययों के साथ मांग सूचना में अंकितानुसार राशि का भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/विक्रय कर दिया जाएगा और शेष बकाया राशियों, यदि कोई हों, की वसूली ब्याज एवं लागत के साथ की जाएगी।

तिथि : 15.10.2025, स्थान : बिलासपुर

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड








*मौसम विज्ञानियों के अनुसार, इस बार पड़ेगी जोरों की सर्दी*

# अक्टूबर में ही कश्मीर, हिमाचल चांदी से लकदक

मानसून का सीजन खत्म होने के बाद सर्दी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। अक्तूबर 2025 में ही हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हुई है। इस बार 'ला नीना' की वजह से बारिश की तरह इस साल ठंड भी ज्यादा पड़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, ला नीना का उत्तर भारत में विशेष तौर पर प्रभाव देखने को मिल सकता है। ला नीना एक प्राकृतिक मौसम की घटना है, जो प्रशांत महासागर में ठंडे पानी के कारण होती है। यह एल नीनो (गर्म पानी) के विपरीत है। जब ला नीना आती है, तो भारत के उत्तर और मध्य भागों में ठंड बढ़ती है। ऐसे में यह उत्तर भारत में नवंबर-दिसंबर के महीने में अधिक पाला पड़ने और शीत लहरों का कारण बनता है।







**भारतीय मौसम विभाग का अनुमान** : अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा के जलवायु पूर्वानुमान केंद्र ने अक्तूबर से दिसंबर के बीच ला नीना विकसित होने की 71 फीसदी तक संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने भी ला नीना के प्रभाव से इस बार सर्दी सामान्य से ठंडी होने की 71% संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक सर्दी ठंडी रहेगी। खासकर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ज्यादा असर पड़ेगा। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार सर्दी में तापमान सामान्य से 0.5-1 डिग्री कम होगा। खासकर जनवरी-फरवरी में ठंडी हवाओं की लहर की संभावना है।

## बिहार विधानसभा चुनाव, भाजपा की आई पहली लिस्ट

# विस अध्यक्ष नंद यादव, पूर्व मंत्री सहित 11 विधायकों का टिकट कटा

- 71 प्रत्याशियों के नाम हुए जारी, 30 का नाम आना बाकी
- अगले महीने होने हैं राज्य में विधानसभा चुनाव

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की जारी हुई पहली कैंडिडेट लिस्ट में 11 विधायकों का टिकट काट दिया गया है। रीगा, सीतामढ़ी, मुंगेर, पटना साहिब समेत अन्य 11 सीटों पर मौजूदा विधायकों की जगह भाजपा ने नए चेहरों पर भरोसा जताया है। इनमें नीतीश सरकार में मंत्री मोतीलाल प्रसाद, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह के अलावा मिथिलेश कुमार, रामप्रीत पासवान, रामसूरत राय, निक्की हेंब्रम, अरुण कुमार सिन्हा का नाम शामिल है। एनडीए के तहत 243 में से 101 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही भाजपा के 30 सीटों पर अभी कैंडिडेट घोषित होना बाकी हैं। मंगलवार को 71 प्रत्याशियों के नाम जारी हुए हैं। नीतीश सरकार में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद, सीतामढ़ी विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक मिथिलेश कुमार मधुबनी जिले की राजनगर सीट से विधायक रामप्रीत पासवान, मुजफ्फरपुर जिले की औराई सीट से एमएलए रामसूरत राय, बांका जिले की एसटी आरक्षित सीट कटोरिया से भाजपा ने 5 बार के विधायक निक्की हेंब्रम, मुंगेर विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक प्रणव यादव का टिकट काटा है। इसी तरह, आरा से पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह पर इस बार भाजपा ने भरोसा नहीं जताया है। उनकी जगह संदेश के पूर्व विधायक संजय सिंह टाइगर को टिकट दिया गया है।




### स्पीकर की जगह वकील को टिकट

पटना साहिब सीट से विधानसभा स्पीकर एवं 7 बार के विधायक नंद किशोर यादव इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनकी जगह भाजपा ने वकील रत्नेश कुशवाहा को टिकट दिया है। अररिया जिले की नरपतगंज विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक जय प्रकाश यादव, दरभंगा जिले की गौरा बौराम से मौजूदा विधायक स्वर्णा सिंह का टिकट कटा है।

### भाजपा में शामिल हुईं लोकगायिका मैथिली



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में नए चेहरे जुड़ने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को लोकगायिका मैथिली ठाकुर बीजेपी में शामिल हो गईं। मैथिली ने हाल ही में बीजेपी के वरिष्ठ नेता और संगठन महासचिव विनोद तावड़े से मुलाकात की थी, जिसके बाद उनके पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई थीं।

### मांझी और कुशवाहा को मिलेगी और 1-1 सीट!



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में हुए सीट बंटवारे से नाराज चल रहे जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को बीजेपी मनाने की कोशिश कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, कम सीटें मिलने के कारण नाराजगी जता रहे हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) प्रमुख जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को बीजेपी ने एक-एक सीट ज्यादा देने की तैयारी कर ली है। इससे दोनों पार्टियों को एनडीए के सीट शेयरिंग फॉर्मूले के तहत अब 6-6 के बजाय 7-7 सीटें मिल सकती हैं। बीजेपी नेताओं ने दिल्ली और पटना में क्रमशः मांझी और कुशवाहा के साथ इस फॉर्मूले पर विस्तृत चर्चा की। सभी सहयोगी दलों से बातचीत और इस फॉर्मूले पर अंतिम मुहर लगने के बाद एनडीए की ओर से इस बारे में आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी। जीतनराम मांझी की पार्टी को शेरघाटी या बोधगया सीट पर एडजस्ट करने की कोशिश हो रही है, जबकि उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के लिए गोह सीट पर जगह बनाने का प्रयास चल रहा है।

## अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की डाक सेवाएं आज से बहाल

**नयी दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग ने मंगलवार को कहा कि वह 15 अक्टूबर से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं बहाल करने जा रहा है। डाक विभाग ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिकी सीमा-शुल्क एवं सीमा संरक्षण के दिशानिर्देशों के अनुरूप, भारत से अमेरिका जाने वाली डाक खेप पर शुल्क दर घोषित सामान मूल्य का 50 प्रतिशत तय की गई है जो नए शुल्क नियमों के तहत लागू होगी। 'विभाग यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि 15 अक्टूबर, 2025 से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं दोबारा शुरू की जा रही हैं।' अमेरिकी प्रशासन के कार्यकारी आदेश 14324 के आने के बाद 22 अगस्त को डाक सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था।

# अब मेडागास्कर में तख्तापलट की कोशिश, राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे

### जेन-जेड का उग्र प्रदर्शन सेना भी हुई बागी




**एंटानानैरिवो।** नेपाल के बाद अब हिंद महासागर में अफ्रीका के पूर्वी तट पर स्थित द्वीपीय देश मेडागास्कर में भी जेन-जेड का उग्र प्रदर्शन हो रहा है। एक विशेष सैन्य इकाई ने सरकार के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया। इस बगावत को संभावित तख्तापलट माना जा रहा है, जिसके बाद मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना फ्रांसीसी सैन्य विमान में देश से भाग गए।

### सेना ने नियंत्रण अपने हाथ में लिया

राजोएलिना को 2009 में सत्ता में लाने में मदद करने वाली सीएपीएसएटी नामक विशेष सैन्य इकाई ने दावा किया है कि उन्होंने सभी सशस्त्र बलों पर नियंत्रण ले लिया है। सीएपीएसएटी के कमांडर कर्नल माइकल रांद्रिआनीरिना ने कहा कि संघर्ष के दौरान एक सैनिक की मौत हुई, लेकिन उन्होंने तख्तापलट करने से इनकार किया। उन्होंने कहा, 'सेना ने जनता की आवाज का जवाब दिया।'

### प्रदर्शन और युवाओं की भूमिका

प्रदर्शन 25 सितंबर से पानी और बिजली की कमी को लेकर शुरू हुए थे और इस आंदोलन को जेनजेड युवाओं ने 'जेन जेड माडागास्कर' नाम दिया। धीरे-धीरे यह आंदोलन भ्रष्टाचार और असमानता के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन में बदल गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार अब तक कम से कम 22 लोग मारे गए हैं, हालांकि सरकार इस आंकड़े को खारिज करती है। यह घटनाक्रम तीन हफ्ते तक चले युवा आंदोलन के विरोध प्रदर्शन के बाद आया है। मेडागास्कर की औसत उम्र 20 साल से कम है और इसकी लगभग 3 करोड़ की आबादी का तीन-चौथाई हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करता है।




*तकनीकी खामी से मचा हड़कंप*

# दोहा से हांगकांग जा रही फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

दोहा से हांगकांग जा रही कतर एयरवेज की फ्लाइट क्यूआर816 को सोमवार दोपहर अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, विमान में तकनीकी खामी आने के बाद पायलट ने कंट्रोल रूम से संपर्क कर अहमदाबाद में लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलते ही विमान को दोपहर 2.32 बजे सुरक्षित तरीके से उतारा गया। विमान के लैंड करते ही एयरपोर्ट पर आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय कर दिया गया। दमकल विभाग, एम्बुलेंस और तकनीकी टीम मौके पर मौजूद रही. एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, विमान में मौजूद सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है।फ्लाइट दोहा से हांगकांग जा रही थी और रास्ते में अचानक तकनीकी समस्या आने के बाद यह कदम उठाया गया।

लैंडिंग के बाद तकनीकी विशेषज्ञ विमान की जांच में जुट गए हैं। फिलहाल विमान को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया है।




### विमान में मौजूद सभी यात्री सुरक्षित

अधिकारियों ने बताया कि यह इमरजेंसी लैंडिंग एहतियात के तौर पर की गई थी ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. जांच के बाद ही विमान को दोबारा उड़ान भरने की अनुमति दी जाएगी।

*जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एनकाउंटर*

# सेना ने 2 आतंकवादियों को मार गिराया, सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 2 आतंकवादियों को मार गिराया है। माचिल और दुदनियाल इलाकों में यह मुठभेड़ हुई। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। सोमवार शाम को सेना की ओर से जानकारी दी गई कि कुपवाड़ा सेक्टर में एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधि देखी गई। शाम करीब 7 बजे सैनिकों ने गोलीबारी की। क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया। इससे पहले, कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक पुराने मोर्टार गोले का पता लगाकर उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि गोला स्थानीय निवासियों से मिली सूचना के आधार पर रविवार शाम को हीरानगर सेक्टर के करोल मथुरा सीमावर्ती गांव में खेत में बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया और मोर्टार गोले को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया गया।

### सर्दियों से पहले एलओसी पर चौकसी तेज

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सर्दियों से पहले जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है, क्योंकि इस दौरान सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें बढ़ने की आशंका है। बीएसएफ के सीनियर अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी से पता चला कि आतंकवादी घाटी में घुसपैठ करने के लिए सीमा पार विभिन्न लांच पैडों पर इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आमतौर पर देखा गया है कि सर्दियों से पहले घुसपैठ की कोशिशें बढ़ जाती हैं।

## खबर संक्षेप

### अब पुलिस के हाथों होगी 9 एमएम सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अब पुलिस के हाथों एक ऐसी सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल होगी, जिसमें मैगज़ीन की क्षमता न्यूनतम 15 राउंड होगी। इस पिस्टल से 50 मीटर दूरी तक निशाना साधा जा सकेगा। राज्य पुलिस मुख्यालय इस क्षमता की 120 पिस्टल खरीदने की तैयारी में है। इस संबंध में टेंडर जारी किया गया है। हथियार बनाने, बेचने वाली कंपनियां बुधवार तक टेंडर में शामिल हो सकती हैं। राज्य में पुलिस अपनी सशस्त्र इकाइयों और केंद्रीय बलों के साथ मिलकर नक्सल मोर्चे पर लड़ रही है। छत्तीसगढ़ में अब माना जा रहा है कि नक्सलवाद खात्मे की ओर है। हालांकि पुलिस को स्थानीय अपराधियों और संगठित गिरोहों से भी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से जूझना पड़ता है। इसीलिए पुलिस मुख्यालय अपने बलों को और अधिक मजूबत और सक्षम बनाने की तैयारी में है। इस खरीदी के लिए पुलिस मुख्यालय ने जो टेंडर जारी किया है, उसमें खरीदी के लिए उपयुक्त पिस्टल का स्पेसीफिकेशन भी जारी किया गया है।

### मां ने अपने जिगर के टुकड़े को 50 हजार में बेचा

**राउरकेला।** जिले के खनिज संपदा से समृद्ध कोइडा क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पाटमुंडा हाटिंग गांव की एक गरीब महिला पार्वती लुगुन ने आर्थिक तंगी के चलते अपने नवजात शिशु को 50 हजार रुपए में बेच दिया और अब घर से फरार हो गई है। सूत्रों के अनुसार पार्वती ने 31 अगस्त को राउरकेला सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। डिस्चार्ज होने के बाद उसने तय सौदे के तहत बच्चे को बेच दिया और पहले चरण में 25 हजार रुपए प्राप्त किए। बाद में आशा कार्यकर्ता मागदली नायक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला दास ने जब बच्चे के बारे में पूछताछ की तो पार्वती ने पहले टालमटोल किया, लेकिन संदेह बढ़ने पर मामला बाल विकास परियोजना अधिकारी सीडीपीओ अनीता साहू तक पहुंचा। उनके हस्तक्षेप के बाद यह हैरान करने वाला सच सामने आया।

# दाम दो लाख जाने की उम्मीद से जमकर जमाखोरी, प्रदेश में निवेश वाली चांदी का टोटा

*चांदी की लगातार बढ़ रही कीमत के कारण कारोबारियों को उम्मीद है कि धनतेरस तक इसके दाम दो लाख तक चले जाएंगे। पुष्य नक्षत्र पर इसके दाम एक लाख 86 हजार के पार हो चुके हैं। ऐसे में इसकी देश में जमकर जमाखोरी हो रही है। प्रदेश में बीते एक सप्ताह से चांदी की आवक पर ब्रेक लग गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ऐसे में निवेश के लिए चांदी खरीदने वालों को आधा और एक किलो वाली चांदी का चौरसा ही नहीं मिल रहा है, लेकिन चांदी के सिक्के और चांदी के जेवर आसानी से मिल रहे हैं, लेकिन सोने में ऐसी स्थिति नहीं है।

पहली बार ऐसा हो रहा है कि सोने से ज्यादा तेजी से चांदी के दाम बढ़ रहे हैं। चांदी की कीमत जिस रफ्तार से बढ़ रही है, उसके कारण इसमें निवेश करने वाले भी बढ़ गए हैं। पहले प्रदेश में चांदी में रोज पांच करोड़ का निवेश होता था, यह बढ़कर आठ करोड़ से ज्यादा हो गया है, लेकिन अब स्थिति यह हो गई है कि प्रदेश में निवेश के लिए चांदी नहीं मिल रही है।

### *प्रदेश में बीते एक सप्ताह से आवक पर ब्रेक, कहीं नहीं मिल रहा आधा और एक किलो वाला चांदी का चौरसा*



**आवक न होने के कारण नहीं मिल रही**

चांदी में निवेश करने वालों को चांदी इसलिए नहीं मिल पा रही है, क्योंकि इसकी आवक नहीं हो रही है।

- **प्रकाश गोलछा**, महासचिव छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

#### एक सप्ताह से आवक ही नहीं

चांदी में निवेश के लिए निवेशक आधा और एक किलो वाले चौरसा खरीदते हैं। इसकी डिमांड ज्यादा रहती है, क्योंकि इसको रखने में आसानी रहती है। चांदी के दाम जिस तेजी से बढ़ रहे हैं उसके चांदी के चौरसा की आवक ही बीते एक सप्ताह से करीब बंद ही हो गई है। कारोबारियों का कहना है कि बाहर के कारोबारी ही इसको नहीं भेज रहे हैं। प्रदेश में रोज करीब पांच क्वालिट चांदी की आवक होती है। लेकिन यह न होने के कारण जिनके पास पहले का स्टॉक था, वह या तो समाप्त हो गया है या फिर इसको भी नहीं बेचा जा रहा है ताति धनतेरस पर जब ज्यादा दाम हो जाए तो बेचा जा सके।

#### सिक्कों की जमकर खरीदी

चांदी का चौरसा न मिलने का कारण जिनको आधा या एक किलो चांदी में निवेश करना है, वो सौ ग्राम वाले पांच से दस सिक्के ले रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि चांदी की आवक अगर नहीं हुई, तो सिक्कों की भी कमी हो जाएगी, क्योंकि सिक्के भी यहां पर बनते हैं। पुष्य नक्षत्र पर जो चांदी में निवेश करना चाहते थे, उनको चौरसा नहीं मिला तो उन्होंने चांदी के सिक्के खरीदे हैं।चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुकाबिक चांदी सिक्कों की डिमांड बहुत ज्यादा हो गई है।

# बोर्ड ने जारी किया चौथा रिमाइंडर, नहीं दिया छात्रों का सही डेटा तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 के लिए कक्षा 9 और कक्षा 11 के रजिस्ट्रेशन डेटा जमा करने के संबंध में सभी संबद्ध स्कूलों को चौथा रीमाइंडर जारी किया है। समय सीमा नजदीक आने के साथ, स्कूलों के पास अब प्रक्रिया पूरी करने के लिए केवल तीन दिन शेष हैं। 11 सितंबर को जारी अपनी अधिसूचना में सीबीएसई ने संबद्ध स्कूलों को इस संदर्भ में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे। सीबीएसई ने स्कूलों को निर्देश दिए थे कि वे जमा किए जा रहे छात्र डेटा की सटीकता सुनिश्चित करें। छात्र द्वारा चुने गए विषयों का विवरण सही रूप से दें और यह सुनिश्चित करें कि सभी छात्रों का पंजीकरण डेटा पूर्ण और सत्यापित है। बोर्ड ने इस बात पर जोर दिया कि वह सटीक छात्र डेटा एकत्र करने का हर संभव प्रयास कर रहा है। छात्रों के डेटा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी ना हो, इसके लिए स्कूलों को विशेष रूप से ध्यान देने कहा है। डेटा सब्मिट करने के दौरान वाली गलतियों से छात्रों के लिए भविष्य में दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। प्राचार्यों को मंगलवार को रीमाइंडर जारी करते हुए नोटिस में लिखा गया है कि सभी प्रधानाचार्यों को याद दिलाया जाता है कि कक्षा 9वीं और 11वीं के लिए पंजीकरण डेटा जमा करने के लिए केवल तीन दिन शेष हैं। स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे सीबीएसई द्वारा जारी कार्यक्रम और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें।





■ 9वीं-11वीं के छात्रों का जमा करना होगा डाटा, ताकि अगले वर्ष ना हो संकट

#### छात्र मनाएंगे सांख्यिकी दिवस

परीक्षा संबंधित कार्यों के इतर बोर्ड छात्रों के मन में आंकड़ों और गणित के डर को दूर करने भी कोशिश कर रहा है। सीबीएसई 20 अक्टूबर को सांख्यिकी दिवस मनाएगा। इसके लिए स्कूलों को दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। सांख्यिकी दिवस पर छात्रों को डाटा बनाने की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा किसी भी सर्वे में डाटा की क्या उपयोगिता है, इसके बारे में बताया जाएगा। सभी स्कूलों को सांख्यिकी दिवस से जुड़े आयोजन करने निर्देश दिए गए हैं।

### जमीन विवाद को लेकर बवाल थाने में जमकर हंगामा

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में बवाल हो गया और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। इतना ही नहीं थाने के भीतर भी दोनों पक्षों ने जमकर हंगामा मचाया। किसी तरह पुलिस ने हंगामा मचाने वालों को थाने से बाहर खदेड़ा और स्थिति को अपने नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। लेबर कॉलोनी में रहने वाले मनीष सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार की शाम 4 बजे वह अपने घर के पास मौजूद था।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**उन्नयन कार्यों हेतु निविदा सूचना**

ई-निविदा संख्याः CPM-ELECT/EPC/25-26/16 (खुली निविदा) (टू पैकेट सिस्टम) कार्य का नाम : एस.ई.सी.आर. के बिलासपुर डिविजन में पेंड्रा रोड से अनुपपुर सेक्शन के बीच 2X25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के उन्नयन के संबंध में अनुपपुर टीएसएस में मॉडिफिकेशन। निविदा मूल्य : ₹ 16,83,36,903.17, (सोलह करोड़ तिरासी लाख छत्तीस हजार नौ सौ तीन व सत्रह पैसे मात्र), अमानत राशि : ₹ 9,91,700.00/-/–, कार्य पूर्ण होने की तिथिः 12 (बारह) माह, निविदा बंद होने का समयः दिनांक 29-10-2025 को 15.00 बजे तक। निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 29-10-2025 को 15.30 बजे तक। विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, पिनः 495004 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। उसे डाउलोड कर देख सकते हैं।

कृते, मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)
सीपीआर/10/FL/366 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

# धर्मांतरण और चंगाई सभा पर जल्द आएगा सख्त कानूनः शर्मा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई कलेक्टर्स-एसपी कॉन्फ्रेंस में धर्मांतरण और चंगाई सभा को लेकर चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसे लेकर कहा, धर्मांतरण के खिलाफ जल्द सख्त कानून आएगा, जो देश में सबसे सशक्त कानून होगा। चंगाई सभा बंद होना चाहिए, यह लोगों को भ्रमित करने के लिए होती है। एसपी को परफॉर्मेंस सुधारने का आखिरी मौका- प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने 3-4 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को फटकार लगाई थी। मुख्यमंत्री ने सभी एसपी को हिदायत दी है, जिनका परफॉर्मेंस बेहतर नहीं है, उन्हें परफॉर्मेंस सुधारने का आखिरी मौका दिया गया है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि अगर परफॉर्मेंस ठीक नहीं होने पर निर्णय लिया जाएगा। बिहार चुनाव में भाजपा नेताओं के जाने को लेकर कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए विजय शर्मा ने कहा, पदयात्रा का विषय अच्छा है और भाव भी अच्छा है। कांग्रेस नेताओं को यह भी बताना चाहिए कि उनके नेता ने जो पदयात्रा की थी, उसका परिणाम क्या निकला। उन्होंने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता कैसे जाएंगे, यह कांग्रेस छोड़ दे। हमें पूरा विश्वास है कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। सीटों का बंटवारा भी पूरी तरह से हो चुका है और हम पूरी ताकत के साथ एनडीए की जीत सुनिश्चित करने में जुटे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अब देखना यह है कि वे वहां जाकर वास्तव में लड़ाई करेंगे या टिकट बेचेंगे, उम्मीद है कि इस बार वे कुछ अच्छा करेंगे।



■ दो साल में नहीं बना पाए कानून- बैज

**कार्यालय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,**
**सिविल अस्पताल खरसिया जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**
फोन नं. 07762-273564 ई-मेल chkharsia@gmail.com

क्रमांक / लेखा/2025/ खरसिया दिनांक 14 अक्टुबर 2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिविल अस्पताल खरसिया में सायकल स्टैण्ड चलाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 31.10.2025 तक दोपहर 2 बजे से पूर्व प्राप्त होने पर ही स्वीकार की जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा खोलने की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सायकल स्टैण्ड (सायकल 5 रू, मोटर सायकल 10 रू, तीन पहिया वाहन/आटो 15 रू एवं चार पहिया वाहन 20 रू) | 31.10.2025 शाम 05:30 बजे तक | 02.11.2025 दोपहर 02 बजे तक | 02.11.2025 शाम 04 बजे |

नोट:- सायकल स्टैण्ड हेतु निविदा फार्म निर्धारित शुल्क रू 200/- (दो सौ रूपये मात्र) जमा कर सिविल अस्पताल खरसिया के कार्यालय से कार्यालयीन समय प्रात: 10 बजे से शाम 05:30 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,
सिविल अस्पताल खरसिया, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

**ADITYA BIRLA CAPITAL**
FINANCE

Regd Office: Indian Rayon Compound, Veraval, Gujarat - 362 266 | (T) +91-22-6723 9101 | (Toll free) 1800 270 7000 | CIN: L64920GJ2007PLC058890 | www.adityabirlacapital.com

**सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि 14 जनवरी, 2026 से
**आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड, बिलासपुर शाखा**
अपने निम्नलिखित परिसर को स्थानांतरित कर रही है -

यहाँ से:
**बंद होने वाले परिसर का पता:**
बिल्डिंग की पहली मंजिल जिसे "ए3" के नाम से जाना जाता है, व्यापार विहार रोड, गांव तालापारा, वार्ड नंबर 9, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001

यहाँ के लिये:
**नये कार्यालय का पता:**
दूसरी मंजिल, श्री कृष्णा सेंटर मॉल, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001

स्थान : बिलासपुर
दिनांक : 15 अक्टूबर, 2025

**आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड के लिये**
**अधोहस्ताक्षरी/-**
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.-3148/25**

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for, 2x250DSPM TPS, CSPGCL Korba East.

| S. NO. | Tender Specn. No. | Rfx No. (E-Tender No.) | Particulars | Qty | Last Date/Time of submission of bid | E.M.D. (Rs) | Tender Cost (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16-06/ DSPM TPS/S&P/ CC(CSC)/T-3229 /25 | 8100046558 | "Supply, erection, installation and commissioning of the coal testing laboratory equipment for testing of coal at unloading end i.e. DSPM TPS Korba East." | As per Tender Schedule | 30.10.2025 15:30 Hrs | Rs.12,650/- | Rs.590/- |

•For more details, Tender schedule, Scope of work/supply, QR & Tender Documents, visit our website:–https://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal OR https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal[Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) betweeen 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]•Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

SUPERINTENDING ENGINEER (Proc.)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

### मॉपअप राउंड में सीटों का आवंटन आज, नहीं लिया एडमिशन तो पंजीयन राशि होगी राजसात

**रायपुर।** मॉपअप राउंड के लिए प्राप्त आवेदन के आधार पर बुधवार को यूजी काउंसिलिंग में सीटों का आवंटन किया जाएगा। गुरुवार से प्रवेश शुरू होगा, जो 18 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान को अभ्यर्थी अपना एडमिशन नहीं लेता है अथवा सीट छोड़ता है, तो उसकी पंजीयन राशि राजसात कर ली जाएगी। अपग्रेडेशन के बाद रिक्त दुर्ग और अंबिकापुर की 1-1 सीट के साथ तीसरे राउंड में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की 6 सीटों को शामिल किया गया है। अंतिम सूची के अनुसार एमबीबीएस और बीडीएस की अभी 395 सीट खाली है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मेडिकल और डेंटल कालेजों की यूजी सीट के तीसरे राउंड में एडमिशन शुरू होने वाला है।

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद अकलतरा, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
E-mail ID cmoakaltara@rediffmail.com

क्रमांक/1105/राजस्व/न.पा.प./2025 अकलतरा, दिनांक 14/10/25

**स्थगन सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद अकलतरा अधीनस्थ निर्यात कर की नीलामी बोली वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक के लिए कार्यालयीन नीलामी सूचना क्रमांक/1316/राजस्व/न.पा.प./2025, दिनांक 29.09.2025 के माध्यम से आमंत्रित की गई है। उक्त निर्यात कर बोली को अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश पर्यन्त तक स्थगित किया जाता है। आगामी कार्यवाही से पृथक से अवगत कराया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अकलतरा
जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / भट / शिवानी / जांच अधि. / 2025 / 1277 दिनांक 25.09.2025

**जांच कार्यवाही सूचना**

शिवानी खदान में कार्यरत श्री हीरालाल आ. धरमपाल, एसडीएल / एलएचडी हेल्पर केटे.-4 एनईआईएस संख्या 22923502 को कम्पनी की प्रमाणित स्थायी आदेशों की धारा 26:09 एवं 26:22 के तहत् आरोप पत्र क्रमांक 43 दिनांक 30.07.2025 जारी किया गया है। आरोपित कर्मचारी को विभागीय जाँच कार्यवाही में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन बार उनके वर्तमान पते पर सूचना भेजा गया किन्तु सम्बंधित कर्मचारी के विभागीय जांच कार्यवाही मे सम्मिलित न होने के कारण जांच कार्यवाही पूर्ण नही हो पा रही है। नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के तहत मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उक्त कर्मचारी को जांच कार्यवाही की बैठक में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है ताकि वे अपना बचाव सम्बंधित पक्ष प्रस्तुत कर सके। बैठक दिनांक, समय एवं स्थान सम्बंधित कर्मचारी के नाम के समक्ष दी गयी है। अतः सम्बंधित कर्मचारी को अपने समस्त दस्तावेजों, गवाहों, सहकर्मी (यदि कोई हो तो) को साथ लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। सम्बंधित कर्मचारी द्वारा जांच कार्यवाही की बैठक में उपस्थित होकर अपना पा न रखने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि आरोपित कर्मचारी के पास अपने बचाव में कोई उपयुक्त स्पष्टीकरण नही है या वे जांच कार्यवाही में भाग नहीं लेना चाहते है, तदानुसार प्रबंधन आचार सहिंता नियमावली के तहत एकपक्षीय निर्णय लेते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा।

| नाम एवं पता | पदनाम एवं कर्मी संख्या | आरोप पत्र क्रमांक एवं दिनांक | अंतिम जांच बैठक की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|
| श्री हीरालाल आ. धरमपाल वर्तमान पता- ग्राम- धरतीपारा, पो. व थाना- भटगांव, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) 497235 | एसडीएल / एलएचडी हेल्पर केटे.-4, एनईआईएस- 22923502 | एसईसीएल / भट / कल्याणी / उ.क्षे.प्र. / 2025 / 413 दिनांक 30.07.2025 | 17.10.2025, सुबह 11:00 बजे कार्यालय खान प्रबंधक, शिवानी खदान |

जांच अधिकारी
SECL/25-26/196 शिवनी खदान,एसईसीएल, भटगांव क्षेत्र

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स आरएसएलडी बायोफ्यूल्स प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-कैथ नवागांव, तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.) में Proposed Cane Juice /Grain Based Distillery for production of 600 KLPD Rectified Spirit (RS)/ Extra Neutral Alcohol (ENA ) / Ethanol along with 12.0 MW Co-generation Power Plant के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / टीका-टिप्पणी इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए **लोक सुनवाई दिनांक 17/11/2025 प्रातः 11:00 बजे से, स्थान हेलीपेड परिसर फास्टरपुर, तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)** में नियत की गई है। सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के आफिस मेमोरेंडम F No. 22-25/2000-IA,III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशो का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथासंशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालकसार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी में) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कॉपी) जन सामान्य के अवलोकन / पठन हेतु कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला- मुंगेली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय, जिला पंचायत- मुंगेली, जिला- मुंगेली, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला- मुंगेली, महाप्रबंधक, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, मुंगेली, जिला- मुंगेली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत, मुंगेली, जिला- मुंगेली, तहसीलदार, कार्यालय तहसीलदार, मुंगेली, जिला- मुंगेली, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत कैथ नवागांव, नवागांव, किगरियापारा, बिचारपुर, नागीपहरी, फास्टरपुर, लालपुर, तालम, चमारी, सराईडबरी, गोरखपुर, मदनपुर, सिल्ली, रमईपुर, दाबो, उड़का, बोंदा, बैहरसरी, बैहाकापा, परसवारा, करिसरा, सिपाही, मानपुर, सोनपुरी, खैर सेतगंगा, सेतगंगा, पौनी तहसील-मुंगेली, जिला - मुंगेली (छ.ग.) डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, क्षेत्रीय निदेशक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्काराादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** – परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** – मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** – आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** – खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** – कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विकास भवन नेहरू चौक, बिलासपुर**
फोन नं. 07752-222642, फैक्स नं. 07752-413888
Email - buildingsectionbmc.gmail.com, Website - www.bmcbilaspur.in

क्र.1455/न.पा.नि./भ.वि./2025-26/ बिलासपुर, दिनांक 14/10/2025

**तृतीय आम सूचना**


नगर पालिक निगम द्वारा प्रथम आम सूचना दिनांक 04.09.2025 एवं द्वितीय आम सूचना दिनांक 19.09.2025 को जारी की गई थी। जिसमें प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण पश्चात् पुनः आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है कि ग्राम-तिफरा स्थित भूमि खसरा नंबर 1367/9, 1369/2, 1370/2, 1357, 1369/3, 1355/7, 1371, 1372/2, 1356/1, 1356/2, 1366/1, 1355/4, 1355/6, 1388, 1369/5, 1370/5, 1367/10, 1368/2, 1355/8, 1367/11, 1368/3, 1367/13, 1368/5, 1075/1ख, 1075/1ग, 1355/10, 1355/10, 1355/5, 1367/12, 1368/4, 1369/4, 1370/4, 1372/1 कुल रकबा 19.35 एकड़ की भूमि के अवैध प्लाटिंग में नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-च (अवैध कॉलोनी निर्माण वाली भूमि का प्रबंधन आयुक्त द्वारा अधिग्रहित किया जाना) एवं 292-छ (अवैध कॉलोनी निर्माण वाली भूमि का समपहरण) के अन्तर्गत कार्यवाही की जानी है।

अतः उक्त कॉलोनी में उपरोक्तानुसार खसरों के भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्ति/हितग्राही दिनांक **15/10/2025** से **22/10/2025** तक लिखित रूप में कार्यालयीन समय में आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर, विकास भवन के पास दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त कॉलोनी की उक्त भूमि का प्रबंधन आयुक्त, नगर पालिक निगम बिलासपुर के द्वारा अधिकार में क्यों न ले लिया जाए? निर्धारित एवं तिथि पश्चात् प्राप्त होने वाली दावा-आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

## शब्द पहेली - 6019



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 6018 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6029

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6028 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |


विधानसभा
में कानून लाकर 58 लाख
परिवारों को भोजन का
अधिकार देने वाले
'चाउर वाले बाबा'
डॉ. रमन
सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाए
जीवेत शरदः शतम्
विनीत - समस्त भाजपा कार्यकर्ता, छत्तीसगढ़

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सुशासन संवाद में...

यह ध्यान रखना आवश्यक है कि बुनियादी प्रशासनिक कार्य इससे प्रभावित न हों। नवाचार तुगलकी प्रयोग न बनें, बल्कि नागरिक जीवन को सरल बनाने का माध्यम बनें। नवाचार लागू करते समय लोगों की राय को शामिल किया जाए। ऐसे नवाचारों को लागू करते समय अफसर प्राथमिकताओं में हो, इनकी स्थायित्व और उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंत्रालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'सुशासन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जशपुर और उदंती वन अभयारण्य के नवाचारों की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, विभागीय सचिव, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। **सेवाएं समय पर न मिलने पर कार्रवाई** -मुख्यमंत्री ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम को सरकार की सबसे महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा, सभी सेवाएं निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से दी जाएं और यदि देरी होती है तो जिम्मेदार अधिकारियों पर इसके तहत कार्रवाई की जाए। अगली समीक्षा में यह देखा जाएगा कि कितने मामलों का समय पर निराकरण हुआ और कितने अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। **सीएस ने कहा- नई कार्य संस्कृति को अपनाएं ब्यूरोक्रेट** - मुख्य सचिव विकास शील ने कहा कि ब्यूरोक्रेसी को ट्रांसफॉर्म करने का समय आ गया है। नई कार्य संस्कृति और तकनीक को अपनाए बिना सुशासन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि जनता में विश्वास बढ़ाना है, तो उच्चाधिकारियों को खुद उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा, जब हम स्वयं समय पर दफ्तर पहुंचेंगे, तभी नीचे तक अनुशासन की संस्कृति बनेगी। **बस्तर में हाईटेक सिस्टम** -नारायणपुर जिले के 'डेटा प्लेटफॉर्म' द्वारा नक्सल गतिविधियों की ट्रैकिंग और दंतेवाड़ा में ब्लॉकचेन तकनीक से 7 लाख भूमि अभिलेखों के डिजिटाइजेशन को मुख्यमंत्री ने अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होंने अबूझमाड़ और दंतेवाड़ा में प्रशासन के हाई-टेक सिस्टम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यही आधुनिक छत्तीसगढ़ की दिशा है।

### ई-ऑफिस समय...

उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो सके। यह डिजिटल गवर्नेंस का युग है। सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें कि ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर अधिकाधिक सेवाएं उपलब्ध हों और जनता ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सके।

### उखड़ रहीं नक्सलवाद...

एक नए गुरिल्ला क्षेत्र के गठन की जिम्मेदारी सौंपी थी, जो पश्चिमी घाट के दोनों ओर के इलाकों गोवा से लेकर केरल के इडुक्की तक को नियंत्रित करता था। वर्ष 2010 में चेरुकुरी राजकुमार आजाद की मृत्यु के बाद वेणुगोपाल को सीपीआई (माओवादी) को आधिकारिक प्रवक्ता नियुक्त किया गया था। वेणुगोपाल ने संगठन के प्रकाशन विभाग का संचालन भी संभाला था। पुलिस सूत्रों के अनुसार वे अप्रैल 2010 में दंतेवाड़ा में हुए ताड़मेटला हमले के मुख्य योजनाकारों में से एक थे। किशनजी की मौत के बाद पार्टी ने वेणुगोपाल को ऑपरेशन ग्रीन हंट के खिलाफ पश्चिम बंगाल के लालगढ़ आंदोलन का नेतृत्व सौंपा गया था। **बीकॉम और आईटीआई शिक्षित, सगंठन की फूट बना समर्पण का कारण-** पोलित ब्यूरो मेंबर सोनू ने बीकॉम और आईटीआई तक की शिक्षा हासिल की थी। लेकिन युवावस्था में ही उसने जंगल का रास्ता पकड़ लिया और धीरे-धीरे संगठन में सीसीएम, पीबीएम, सीआरबी सचिव और सीपीआई (माओवादी) के प्रवक्ता तक के पद पर पहुंच गया। रेंज स्तर के पुलिस अधिकारी ने कहा कि संगठन में फूट सोनू के सरेंडर की वजह हाल के महीनों में नक्सल संगठन दो गुटों में बंट चुका था। एक गुट शांति वार्ता व सीजफायर की राह चाहता था, जबकि दूसरा हिंसा जारी रखने पर अड़ा था। इसी मतभेद ने भूपति जैसे पुराने नेताओं को भीतर से तोड़ दिया। कहा जा रहा है कि संगठन की दिशा से असंतुष्ट भूपति ने शांतिपूर्ण जीवन की राह चुनी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के एलान के बाद से ही लगातार मुठभेड़ों, सरेंडर और अभियानों के चलते संगठन कमजोर हुआ है। किशन जी, बसवराज, मिलिंद तेलतुंबड़े जैसे नाम अब इतिहास बन चुके हैं और अब भूपति के आत्मसमर्पण से नक्सली संगठन की जड़ें हिल गई हैं।

### नक्सल संगठन की...

सिर्फ कुछ शीर्ष नक्सली ही बचे हैं, जिन पर पुलिस की सख्त नजर है। यह आत्मसमर्पण केवल एक नक्सली की हार नहीं बल्कि उस विचारधारा की भी पराजय है, जिसने सालों तक बस्तर से लेकर महाराष्ट्र तक की धरती को दहशत में झोंक रखा था। सोनू नक्सल संगठन के चर्चित नेता किशन जी का छोटा भाई है। किशन जी की मौत पुलिस मुठभेड़ में होने के बाद भूपति संगठन में शीर्ष कमांडर बन गया था। उसकी पत्नी और भाभी सुजाता भी लंबे समय तक नक्सल संगठन में सक्रिय रहीं।

### पत्नी के समर्पण...

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने गढ़चिरोली में आत्मसमर्पण किया था, वहीं सोनू के समर्पण के बाद माओवादी आंदोलन में एक और बड़ा झटका माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री और ...

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तरैया विधानसभा की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने बताया, वे नितिन नवीन के नामांकन में तो नहीं रह पाएंगे, लेकिन उनसे मंगलवार को मुलाकात जरूर हुई है। 16 अक्टूबर को कई प्रत्याशियों का नामांकन होगा तो उसमें अलग-अलग नेता रहेंगे।

### सौम्या ने कमाए ...

संपत्तियों पर निवेश किया हुआ है। ईओडब्ल्यू ने जांच में इन संपत्तियों का पता लगाया है। ईओडब्ल्यू ने प्रेस नोट जारी कर सौम्या के विरुद्ध पेश किए चालान से संबंधी जानकारी सार्वजनिक की है। ईओडब्ल्यू के अफसरों के अनुसार सौम्या के विरुद्ध कोयला, डीएमएफ सहित अन्य प्रकरणों में जांच की जा रही है। इस जांच में सौम्या की चल-अचल संपत्तियों की भी जांच पूर्व में की गई थी। इस जांच में सौम्या की 45 अचल संपत्तियों का पता लगाया है। इन संपत्तियों की कुल कीमत 49 लाख 69 लाख 48 हजार 298 रुपए आंकी गई है। ईओडब्ल्यू की जांच में पता चला कि ये सभी संपत्तियां सौम्या ने अपनी काली कमाई से अर्जित की है।

### आईपीएस पूरन ...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और चिराग पासवान ने आईपीएस पूरन कुमार के परिवार वालों से मुलाकात की। हरियाणा पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक ने मंगलवार को रोहतक जिले में कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा के दिवंगत अधिकारी वाई पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए छह मिनट का एक कथित वीडियो और तीन पन्नों का एक 'सुसाइड नोट' छोड़ा है। वीडियो और 'सुसाइड नोट' की सत्यता की तुरंत पुष्टि नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि एएसआई संदीप कुमार ने पूरन कुमार के सहयोगी और हेड कांस्टेबल सुशील कुमार की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई थी। पूरन कुमार रोहतक जिले में महानिरीक्षक रहे थे। पिछले हफ्ते चंडीगढ़ स्थित अपने घर में मृत पाये गये थे। साइबर प्रकोष्ठ में तैनात एएसआई का शव रोहतक के लाढौत-धामर रोड स्थित उनके घर से बरामद किया गया। आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार के आत्महत्या के मामले को लेकर बढ़ते विवाद के बीच संदीप कुमार की कथित आत्महत्या का मामला सामने आया है। पूरन कुमार ने एक कथित 'सुसाइड नोट' छोड़ा था, जिसमें पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और रोहतक के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया सहित आठ अधिकारियों पर 'जाति-आधारित भेदभाव, लक्षित मानसिक उत्पीड़न, और सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का आरोप लगाया गया था। सरकार ने पुलिस महानिदेशक को छुट्टी पर भेज दिया जबकि बिजारणिया का तबादला कर दिया गया। पुलिस ने अब तक संदीप कुमार के नोट या वीडियो पर आधिकारिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। रोहतक पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने फोन पर बताया, संदीप ने खुद को गोली मार ली। रोहतक के पुलिस अधीक्षक एसएस भोरिया ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया, एएसआई संदीप हमारे विभाग में बहुत मेहनती और ईमानदार व्यक्ति थे। हमें सूचना मिली थी कि एक शव मिला है, जिसके बाद हम यहां पहुंचे। उन्होंने वीडियो और 'सुसाइड नोट' के बारे में पूछे जाने पर बताया, इस समय कुछ भी कहना मुश्किल है। फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। जांच के बाद होगा खुलासाःआईपीएस पूरन कुमार की मौत को जहां 'उत्पीड़न का परिणाम' बताया जा रहा था, वहीं एएसआई संदीप कुमार के 'आहूति' वाले वीडियो ने अब इस मामले को दो विरोधी दावों के बीच फंसा दिया है। एक ओर जातिगत उत्पीड़न का आरोप है, तो दूसरी ओर व्यापक भ्रष्टाचार का पर्दाफाश। पुलिस ने दोनों सुसाइड नोटस और वीडियो को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। **एसआई के सुसाइड नोट में आरोप-** पूरन कुमार ने सदर थाना मर्डर केस में पैसे लिए। राव इंद्रजीत सिंह को बचाने के लिए 50 करोड़ की डील की गई। रोहतक रेंज में तबादले के बाद पूरन कुमार ने अपनी जाति के भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को आईजी दफ्तर में तैनात किया, जबकि ईमानदार अफसरों को साइडलाइन कर दिया महिला पुलिसकर्मियों को ट्रांसफर के नाम पर परेशान किया गया। कुछ मामलों में यौन शोषण तक हुआ नागरिकों और व्यापारियों से भी मोटी रिश्वत ली गई। अपराध पर रोक लगाने की बजाय उसे बढ़ावा दिया। **आईपीएस पूरन के सुसाइड नोट में क्या-** 00 मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, पूर्व मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद, पूर्व डीजीपी मनोज यादव, पी.के. अग्रवाल, राजीव अरोड़ा सहित कई अन्य पर आरोप 00 जातिगत उत्पीड़न किया और शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं हुई। आईपीएस कुलविंदर सिंह ने धमकाया था और आईपीएस माटा रवि किरण ने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया 00 लगातार जाति आधारित भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार और मानसिक उत्पीड़न का शिकार हुए 00 केवल निष्पक्ष व्यवहार चाहता था, लेकिन प्रमोशन, पोस्टिंग और छुट्टियों में भी मेरे साथ भेदभाव हुआ

### पूरन के परिवार...

कार्रवाई करने और घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को गिरफ्तार करने की मांग की। पिछले हफ्ते चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के परिवार से मिलने के बाद, गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कुमार का मनोबल तोड़ने और उनके करियर को नुकसान पहुंचाने के लिए उनके साथ सुनियोजित भेदभाव किया जाता रहा। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी राज्य सरकार द्वारा सोमवार देर रात पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेजे जाने के कुछ घंटों बाद आई है।

### चलती बस में लगी ...

अस्पताल में रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। पोकरण से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रताप पुरी ने 20 लोगों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा, बस में 19 यात्रियों की मौत हो गई और एक ने जोधपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुरी ने बताया कि जैसलमेर से रवाना होने के दस मिनट बाद ही बस में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार रात जैसलमेर पहुंचे और अधिकारियों ने उन्हें घटना की जानकारी दी। जैसलमेर जिला प्रशासन ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही उसने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कलेक्टर प्रताप सिंह ने अधिकारियों को घायलों के लिए तत्काल चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने उन लोगों से अपील जारी की है जिनके परिवार के लोग बस में यात्रा कर रहे थे ताकि घटना में मारे गए लोगों की पहचान की जा सके। प्रशासन के अनुसार डीएनए मिलान के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और अन्य नेताओं ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घायलों के उचित उपचार और प्रभावितों को हर संभव सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जैसलमेर में बस में लगी आग की घटना अत्यंत हृदय विदारक है। इस दुखद हादसे से प्रभावित नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं प्रभावितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।' पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि 20 लोगों की मृत्यु हृदय विदारक है। इस हादसे की सूचना से मन विचलित है।

सभी प्रकार की एलर्जी
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ऑरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** चौकीदार, घर की साफ सफाई करने के लिए महिला एवं बेबी सिटर की आवश्यकता है रहने की सुविधा मिलेगी सम्पर्क करें- 7583808008 **(38914)**

**आवश्यकता है-** होटल, लॉज में साफ सफाई स्टाफ टॉयलेट क्लीनिंग स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- होटल स्वर्णभूमि बिलासपुर सम्पर्क करें- 7869380124 **(38913)**

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य करने के लिए महिला/ लड़की की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- पाटलिपुत्र कॉलोनी वसंत विहार चौक लोयला स्कूल के बाजू में बिलासपुर 7974770055, 8889997826 **(38912)**

**आवश्यकता है-** कार चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यक्ता है। वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी लाइसेंसी व्यक्ति सम्पर्क करें- वाईज टूथ डेंटल, क्लीनिक कुदुदण्ड बिलासपुर 7489831153 **(38911)**

**आवश्यकता है-** होलसेल मेडिकल एजेन्सी में माल निकालने, जमाने, पैकिंग, डिस्ट्रीब्युशन हेतु 10वीं 12वी पास लड़कों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यतानुसार मिले- कन्हैया डिस्ट्रीब्यूटर मेडिकल काम्पलेक्स (सिटी केमिस्ट के बगल मंदिर वाली गली) तेलीपारा बिलासपुर 9329248899 **(38915)**

**आवश्यकता है-** OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000, रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 8818877406, 9644433021 **(38910)**

**आवश्यकता है-** ग्रामीण क्षेत्र में मार्केटिंग कार्य करने के लिए युवक की आवश्यकता है जिन्हे छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान हो एवं स्वयं की बाईक आवश्यक है अपनी डिटेल भेजें 7477237699, 7000867969 **(38909)**

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है रहने, खाने की व्यवस्था है। सम्पर्क करें- सुबह 11 से 2बजे एवं शाम 5 से 9बजे गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर 9039768650 **(38904)**

**आवश्यकता है-** MSCW Rural Projects कम्पनी में फिल्ड वर्क के लिए दो लड़कों की आवश्यकता है। वेतन आकर्षक सम्पर्क करें- सिन्धी कॉलोनी, SBI ऑफिस के बगल में कारगिल चौक बिलासपुर 07752412720, 7000047338 **(38906)**

**आवश्यकता है-** दुकान में स्कूल कालेज उपयोगी सामग्री निकालने, पैक करने, पहुंचाने आदि कार्य करने 10वीं, 12वीं पास बिलासपुर निवासी युवक चाहिए (कार्य समय सुबह 11 से रात 9 बजे) सम्पर्क करें- 9827174503 **(38865)**

**आवश्यकता है**
कैफेटेरिया रेस्टोरेंट में समोसा, नाश्ता, खाना बनाने हेतु मिस्त्री की आवश्यकता है योग्य मिस्त्री संपर्क करें-
कैफेटेरिया स्वर्ण
चैम्बर हाईकोर्ट गेट नं. 3 के सामने रायपुर रोड, बोदरी, बिलासपुर
9977207779
7000761490

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में कार्य करने हेतु असिस्टेंट (मेल या फीमेल) एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रेम आपर्टमेन्ट स्वीमिंग पूल ग्राउण्ड के सामने मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 9111052333 **(38896)**

**आवश्यकता है-** ड्यूटी डॉक्टर (RMO) BHMS की तत्काल आवश्यकता है। सैलरी योग्यता एवं अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- वर्मा नर्सिंग होम, विद्या नगर, L-2 डीपू पारा अम्बा टावर बिलासपुर 8305931718, 07752428039 **(38893)**

**आवश्यकता है-** रेडीमेड शोरूम में 4वर्ष अनुभवी युवक/ युवती सेल्समैन, साड़ी काउंटर, गर्ल्स काउंटर, ब्वॉयेज सेल्स काउंटर संभालने का अनुभव हो। वेतन 12000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर **(38898)**

**आवश्यकता है-** पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत अनुभवी सोलर पावर प्लांट इंस्टॉलर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अधिकृत विक्रेता टाटा पावर सोलर भट्ट एंटरप्राइजेज बिलासपुर 7003837779, 8085548615 **(38876)**

**आवश्यकता है-** सर्व मंगला एजेंसी में सेमसंग मोबाईल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए सेल्समेन की आवश्यकता है तत्काल संपर्क करें सर्व मंगला एजेंसी महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9752394144, 9827976705 **(38894)**

**आवश्यकता है-** बम्पर भर्ती Ordeal कम्पनी में 60 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 22000 रहना खाना, परमानेंट जॉब पता- उस्लापुर ओवर ब्रिज के पास दीपसागर नगर बिलासपुर 8003402269, 6393559091 **(38870)**

**आवश्यकता है-** Ammaji Traders फील्ड सेल्स पर्सन चाहिए उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए तुरंत भर्ती। 12वीं पास, अपना वाहन व सेल्स अनुभव वालों को प्राथमिकता। वेतन +इंसेंटिव +पेट्रोल No. 9685138652, 6266732985. Add.- व्यापार विहार, बिलासपुर **(322)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**आवश्यकता है-** रायपुर+ लोकल बिलासपुर में सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन- 10000 से 13000 सम्पर्क करें- एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 9827618359 **(38880)**

## बेचना

**बेचना है-** 140 का फ्रंट 95 डिसमिल जमीन रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे से एक किलोमीटर अन्दर सरगांव के पास किरना गांव में 40 फीट धारसा रोड में बेचना है सम्पर्क 9300833924 **(38895)**

**बेचना है-** आवासीय/ कमर्शियल प्लॉट सोनगंगा कॉलोनी 40X56, शिवम विहार 30X55, शिवा विहार 40X55, जुगल पैलेस के पास 40X60, विजयापुरम 40X60, प्रथम हॉस्पिटल के पास 2123 वर्गफिट, अरपा बिजनेस पार्क से लगी 22 फ्रंट 2617 वर्गफिट, 24 फ्रंट 2182 वर्गफिट संपर्क 9300878897 **(315)**

**बेचना है-** कॉलोनी हेतु खमतराई में 1 एकड़ 64 डिस., बिरकोना में 6एकड़, सेंदरी कोनी में 7एकड़ 32 डिस., 6एकड़ 15 डिस., मोहतराई में 5एकड़ 40 डिस., 8एकड़ 25 डिस., कच्छार में 24एकड़, अमतरा में 1एकड़ 80 डिस., घुटकू में 11एकड़ 79 डिस., शिवपुर खैरा रतनपुर में 13एकड़ 25 डिस. एंव पौसरा नगोई में 7एकड़ 44 डिस. संपर्क 9827973060 **(316)**

**बेचना है-**परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9884261185, 9827404638 **(38838)**

**बेचना है-** कोनी रमतला रोड में सेन्दरी से अटल बिहारी यूनिवर्सिटी से 2 किलोमीटर दूर ग्राम सेन्दरी में 6 एकड़ कृषि भूमि बेचना है सम्पर्क करे- अर्जुन साहू, परसराम साहू 7024448782, 7470995506 **(38908)**

**बेचना है-** राजकिशोर नगर गणेश वैली से लगा माँ शारदा विहार कॉलोनी में 40x60 फीट का सर्वसुविधायुक्त डायवर्टेड प्लाट 30 फीट रोड पर बेचना है (ब्रोकर क्षमा) संपर्क करें:- 9425557903, 7999310004 **(320)**

**बेचना है-**मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 9039104638 **(38839)**

**बेचना है-**मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, मन्दिर, नाली, बैंक फाइनेन्स सुविधा। मात्र 899/- प्रति वर्गफीट में दीपावली तक बुकिंग पर रजिस्ट्री फ्री सम्पर्क- 9713666001 **(38858)**

**बेचना है-** (1) बलेजा स्मार्ट रोड पर 1562 वर्गफुट कामर्शियल प्लॉट (2) सागरदीप कालोनी स्वतंत्र मकान (3) वार्ड नं.-1 शांति नगर प्लॉट (4) सकरी बटालियन सामने 100 फुट रोड पर 80डिस. जमीन शादी घर फैक्टरी अन्य हेतु कमर्शियल प्लाट सम्पर्क- 9340723055, 9827408205 **(38905)**

**बेचना है-** सरस्वती कॉलेज के सामने कोनी में 100X130, अरपा बिजनेस पार्क के सामने 92X150, सेंदरी बस स्टैंड चौक में 15000 वर्गफिट, मोपका सेंदरी बायपास नगोई में 11336 वर्गफिट, 22672 वर्गफिट, सेंदरी पेंड्रीडीह बायपास निरतू कोनी में 132X184 प्लाट बिलासपुर संपर्क 9575788444 **(314)**

**बेचना है-** कमर्शियल प्लॉट मसानगंज मेनरोड पर डबलरोड पुराना बना, 3 मंजिल बना हुआ मकान मिश्रा पुस्तकालय से मध्यनगरी चौक के बीच में साइज 26×50 टोटल 1292Sq जमीन है शीघ्र बेचना है संपर्कः- 9827973444 **(309)**

## फायनेंस

**फायनेंस-** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्कः- 9311830460 **(319)**

## व्यापार

**व्यापार-**जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-8827848099 **(302)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 5+3 10+10 15+18 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | |
| Raipur Edition | 4400 | |
| Bilaspur City | 2500 | |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# भारत ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट हराकर जीती टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें दिन मंगलवार को वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारत ने 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन एक विकेट पर 63 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उसे जीत के लिए केवल 58 रन की जरूरत थी। भारत ने आखिर में 35.2 ओवर में तीन विकेट पर 124 रन बनाए। राहुल 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के शतकों की मदद से अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 248 रन ही बना पाई थी और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की, जिससे उसकी टीम 390 रन बनाने में सफल रही। इससे मैच पांचवें दिन तक खिंच गया। भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर पारी और 140 रन से जीता था।

## जडेजा को शानदार प्रदर्शन के लिए चुना गया प्लेयर ऑफ द सीरीज
## कुलदीप यादव ने लिए 8 विकेट, चुने गए प्लेयर ऑफ द मैच






### इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीमें

| | |
|---|---|
| 1158 - ऑस्ट्रेलिया | (2107 मैच) |
| 922* - भारत | (1916 मैच) |
| 921 - इंग्लैंड | (2117 मैच) |
| 831 - पाकिस्तान | (1735 मैच) |
| 719 - दक्षिण अफ्रीका | (1375 मैच) |

### स्कोर बोर्ड

भारत : पहली पारी: 518/5 , दूसरी पारी
वेस्टइंडीज : पहली पारी : 248/10, दूसरी पारी : 390/10

| भारत दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का फिलिप बो वारिकन | 08 | 07 | 2 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 58 | 108 | 6 | 2 |
| सुदर्शन का होप बो चेज | 39 | 76 | 5 | 0 |
| गिल का ग्रीव्स बो चेज | 13 | 15 | 1 | 1 |
| जुरेल नाबाद | 06 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 00, कुल: 35.2 ओवर में 124/3 रन
गेंदबाजी : जेडन सील्स 3-0-14-0, जोमेल वारिकन 15.2-4-39-1, खारी पियरे 8-0-35-0, रोस्टन चेज 9-2-36-2

### शुभमन गिल की कप्तानी में पहली टेस्ट सीरीज जीती

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम पहली टेस्ट जीतने में कामयाब रही है। इससे पहले जब भारत ने इंग्लैंड का दौरा किया था, तब भी शुभमन गिल ही कप्तान थे, लेकिन उस वक्त सीरीज बराबरी पर छूटी थी, लेकिन अब सीरीज ना केवल जीती है, बल्कि विरोधी टीम का पूरी तरह से सफाया हो गया है। टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2002 से लेकर अब तक कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। ये अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

### द.अफ्रीका के विश्व रिकॉर्ड की भारत ने की बराबरी

एक टीम खिलाफ सबसे ज्यादा लगातार टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड अभी तक साउथ अफ्रीका के नाम था। साउथ अफ्रीका ने साल 1998 से लेकर 2025 तक वेस्टइंडीज को लगातार 10 सीरीज में हराया है। अब भारत ने भी वेस्टइंडीज को लगातार 10 टेस्ट सीरीज में हरा दिया है। यानी अब साउथ अफ्रीका के रिकॉर्ड की बराबरी भी हो गई है। इतने लंबे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक दो ही बार हुआ है, जब किसी टीम ने विरोधी टीम को लगातार 10 दफा टेस्ट सीरीज में हराया हो।

# रणजी ट्रॉफी में ऋषभ पंत की वापसी से बढ़ेगा रोमांच, युवाओं को मिलेगा चमकने का मौका

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

इंग्लैंड दौरे में चोटिल होने के बाद से खेल से बाहर चल रहे ऋषभ पंत बुधवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के नए सत्र से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं जबकि कई युवा खिलाड़ी इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

पंत का दूसरे दौर में खेलना रणजी ट्रॉफी के पहले चरण का मुख्य आकर्षण है, अन्यथा इसका कोई तात्कालिक उद्देश्य नहीं है, क्योंकि अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद भारत को लंबे समय तक टेस्ट मैच नहीं खेलना है।

### पंत का चल रहा रिहैबिलिटेशन

जुलाई में मैनचेस्टर में क्रिस वोक्स की गेंद पर पैर की अंगुली में फ्रैक्चर होने के बाद से पंत खेल से बाहर हैं और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में उनका रिहैबिलिटेशन सही दिशा में चल रहा है। हैदराबाद के खिलाफ पहले दौर के मैच के लिए दिल्ली की 24 खिलाड़ियों की टीम में इस विकेटकीपर बल्लेबाज का नाम नहीं है लेकिन यदि सीओई उनकी वापसी को मंजूरी दे देता है तो वह या तो दूसरे दौर (25 अक्टूबर से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ) या तीसरे दौर (एक नवंबर से पुडुचेरी के खिलाफ) में खेल सकते हैं। इससे पंत को 14 नवंबर से विश्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस का आकलन करने और मैच अभ्यास का मौका मिल सकता है।

### आज से शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट




### 42 बार का चैंपियन मुंबई खिताब का प्रबल दावेदार

जहां तक रणजी ट्रॉफी का सवाल है तो 42 बार का चैंपियन मुंबई एक बार फिर से खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। गत विजेता विदर्भ आसानी से खिताब नहीं गंवाना चाहेगा। इसके अलावा केरल, सौराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसी टीमें अपना गौरव फिर से हासिल करने या एक नया अध्याय लिखने के लिए उत्सुक होंगी।

### युवा खिलाड़ी करेंगे छाप छोड़ने की कोशिश

कई युवा खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। इनमें बल्लेबाजों में आर स्मरण (कर्नाटक), आंद्रे सिद्दार्थ (तमिलनाडु), यश ढुल (दिल्ली), प्रियांश आर्य (दिल्ली), वैभव सूर्यवंशी (बिहार), आयुष म्हात्रे (मुंबई) और दानिश मालेवार (विदर्भ) तथा गेंदबाजों में हर्ष दुबे (विदर्भ), एडहेन एप्पल टॉम (केरल), मानव सुथार (राजस्थान) और गुरजपनीत सिंह (तमिलनाडु) शामिल हैं। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप में ग्रुप ए, बी, सी और डी में 32 टीमें होंगी, जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15-18 अक्टूबर और 16-19 नवंबर के बीच खेला जाएगा। दूसरा चरण अगले साल 22 जनवरी से शुरू होगा। फाइनल 24 फरवरी से खेला जाएगा।

# पैरा पावरलिफ्टर मैथ्यू ने जीता कांस्य पदक




नई दिल्ली। भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जोबी मैथ्यू ने मिस्र के काहिरा में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। मैथ्यू ने सोमवार को लेजेंड्स (मास्टर्स) वर्ग में यह पदक जीता। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 147 किग्रा के भार उठाया लेकिन इसे अमान्य घोषित कर दिया गया। उन्होंने इसके बावजूद दूसरे प्रयास में 148 किग्रा वजन आसानी से उठा लिया। मैथ्यू ने इस लय को जारी रखते हुए अपने अंतिम प्रयास में 152 किग्रा का वजन उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इससे पहले उनका पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किग्रा था, जिसे उन्होंने दो महीने पहले बीजिंग विश्व कप में हासिल किया था। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि पेरू के नील ग्रेसिया ने 161 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता।यह मैथ्यू का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है। इससे पहले, उन्होंने दुबई 2023 में 59 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए कांस्य पदक जीता था।

# भरत थम्मिनेनी ने फतह की 8 हजार मीटर से ऊंची सभी 9 पर्वत चोटियां

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी छठे सबसे ऊंचे पर्वत 'माउंट चो ओयू' (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 36 वर्षीय पर्वतारोही के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि इस उपलब्धि से पहले थम्मिनेनी ने मई 2017 में माउंट एवरेस्ट, सितंबर 2018 में माउंट मनास्लू, मई 2019 में माउंट ल्होत्से, मार्च 2022 में माउंट अन्नपूर्णा, अप्रैल 2022 में माउंट कंचनजंगा, मई 2023 में माउंट मकालू, अक्टूबर 2024 में माउंट शीशपंगमा और अप्रैल 2025 में माउंट धौलागिरी पर चढ़ाई की थी। ये सभी 8 हजार मीटर से अधिक ऊंची चोटियां हैं। बची हुई पांच शीर्ष चोटियां माउंट के2, नंगा पर्वत, गशेरब्रुम 1 और 2 तथा ब्रॉड पीक पाकिस्तान में हैं और वर्तमान में भारतीय पर्वतारोहियों के लिए वर्जित हैं। थम्मीनेनी 30 सितंबर को चीन के चो ओयू बेस कैंप पहुचे थे लेकिन खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण उन्हें पहाड़ पर चढ़ने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा, जिससे वह बेस कैंप में ही रुके रहे।

# लगातार तीन जीत, आत्मविश्वास से लबरेज इंग्लैंड को नए मुकाम की तलाश

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

लगातार तीन जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी इंग्लैंड की टीम महिला वनडे विश्व कप में बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ भी बड़ी जीत हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका पर 10 विकेट से जीत से शुरू हुई तीन एकतरफा जीत ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार बना दिया है तथा नेट स्किवर-ब्रंट की अगुवाई वाली टीम भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ खेलने से पहले अपनी लय को नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश करेगी। स्किवर-ब्रंट ने अब तक आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और कप्तान ने दिखाया है कि वह बल्ले और गेंद दोनों से विरोधी टीम पर किस तरह कहर बरपा सकती हैं। इंग्लैंड की श्रीलंका के खिलाफ 89 रन की जीत में उन्होंने 117 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिए थे।



### इंग्लैंड छह अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर

स्किवर-ब्रंट के अलावा एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, हीथर नाइट और सोफिया डंकले जैसी बल्लेबाजों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उसकी टीम छह अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सात अंक लेकर पहले स्थान पर है। इंग्लैंड ने दिखा दिया है कि वे कितनी जल्दी विभिन्न स्थानों और पिचों के साथ सामंजस्य बिठा लेते हैं, उन्होंने अपने दो शुरुआती मैच दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ गुवाहाटी में खेले और फिर श्रीलंका के खिलाफ खेलने के लिए कोलंबो पहुंचे।

### अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर

पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच कोलंबो में खेल रही है लेकिन इसके बावजूद वह प्रभावशाली प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। उसकी टीम इंग्लैंड का विजय अभियान रोक पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है। पाकिस्तान को अब तक अपने तीनों में इतने हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। उसके बल्लेबाज नहीं चल पा रहे हैं। उसकी टीम ने तीन मैच में अभी तक केवल एक बार 150 रन की संख्या को पार किया है।

# शुभमन कप्तानी के हकदार : गंभीर



नई दिल्ली। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने इंग्लैंड में कप्तान के रूप में अपनी सबसे कठिन परीक्षा पास कर ली है और किसी ने भी उन्हें टेस्ट और वनडे दोनों प्रारुपों में कप्तान नियुक्त करके कोई एहसान नहीं किया है। भारत ने गिल की कप्तानी में इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला बराबर कराई थी जबकि अब उसने वेस्टइंडीज को दोनों मैच में हराया। गिल को अब रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम का कप्तान भी बनाया गया है, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के दौरे से होगी। गंभीर से जब पूछा गया कि वह मुख्य कोच के रूप में नए कप्तान को कैसे संभालते हैं, उन्होंने कहा, 'उन्हें अपना स्वाभाविक दृष्टिकोण बनाए रखने की इजाजत देकर। मुझे लगता है कि उन्हें टेस्ट या वनडे कप्तान बनाकर किसी ने उन पर कोई एहसान नहीं किया है।




# भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे इंगलिस और जम्पा



पर्थ। आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर जोश इंगलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा क्रमशः चोट और पारिवारिक कारणों से भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगा, जिसके बाद पांच मैचों की टी20 श्रृंखला होगी। अगले दो एकदिवसीय मैच एडिलेड (23 अक्टूबर) और सिडनी (25 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। इंगलिस पिंडली की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण वह इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह अभी तक तीन वनडे खेलने वाले जोश फिलिप को विकेटकीपर के रूप में ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। नियमित विकेटकीपर एलेक्स कैरी को भारत के खिलाफ पहले मैच के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है।



MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

## WITH GST BENEFITS + *LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 2 10 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 52 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 65 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 85 000 |




SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 23RD OCT ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 31ST OCT)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 23rd October '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com